दोस्त वो होता है जो आपको आप जैसे हैं वैसा होने की पूरी आजादी देता है

आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 272- ● जबलपुर ● रविवार, 7 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक शुक्ल पक्ष -3 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## इंडिया कर रहा दुआ, आज जीत जाए अफगानिस्तान



**दुबई।** हर टी-20 क्रिकेट विश्व कप में रविवार को दोपहर 3.30 बजे अफगानिस्तान का मुकाबला न्यूजीलैंड से है। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के अलावा पूरे भारत की नजर इस मुकाबले पर है। हर भारतीय यह दुआ कर रहा है कि आज अफगानिस्तन जीत जाए। ऐसा होता है तो सोमवार को होने वाले मुकाबले में नामीबिया को बड़े अंतराल से हराकर विराट कोहली की टीम वर्ल्ड कप 2021 के सेमीफाइनल में पहुंच सकती है। यदि न्यूजीलैंड की जीत होता है तो वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा और भारत बाहर हो जाएगा। यानी आज न्यूजीलैंड की जीत के बाद नामीबिया के खिलाफ मुकाबला महज औपचारिकता रह जाएगा। बता दें, पाकिस्तान पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुका हैं। वहीं दूसरे ग्रुप से ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

### सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त चर्चा


भारत में अफगानिस्तान की जीत की दुआ हो रही है और यही मुद्दा सोशल मीडिया पर भी छाया है। फैन्स तरह-तरह के मैसेज और मीम्स बनाकर अपनी भावनाओं का इजहार कर रहे हैं। कई यूजर्स ने हिंदी फिल्मों की तस्वीरों और गानों का इस्तेमाल इस बात को दर्शाने के लिए किया कि भारतीयों ने अफगानिस्तान से मैच जीतकर क्या उम्मीदें लगाई हैं।सुख, संपन्नता और सौभाग्य लेकर आए।

## आर्यन का हुआ था किडनैप?



**मुंबई।** ड्रग्स केस में एनसीपी नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नवाब मलिक लगभग रोज नए खुलासे कर रहे हैं। नवाब मलिक ने अपने ताजा बयान में कहा है कि जिस क्रूज पर ड्रग्स पार्टी होने की बात रही जा रही है, उसका टिकट शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ने नहीं खरीदा था। बकौल नवाब मलिक यह आर्यन खान को किडनैप करने और फिर शाहरुख खान से 25 करोड़ रुपए की फिरौती मांगने का मामला है, जिसमें एनसीबी के तत्कालीन जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े भी शामिल हैं। वहीं समीर वानखेड़े की ओर से आरोपों से इन्कार किया गया है। साथ ही समीर वानखेड़े के पिता ने नवाब मलिकके खिलाफ मानहानि का केस भी कर दिया है। नवाब मलिक ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि प्रतीक गाबा और आमिर फर्नीचरवाला ही आर्यन खान को वहां लाए थे। मोहित कंबोज के साथ मिलकर समीर वानखेड़े ने फिरौती मांगने का प्लान बनाया था।

### फटाफट खबरें



#### दो दिन में बदल जाएगा गूगल में लॉगिन करने का तरीका

**नई दिल्ली।** आज के समय में ऐसे बहुत कम ही लोग मिलेंगे, जो गूगल अकाउंट का इस्तेमाल नहीं करते होंगे। स्मार्टफोन के इस जमाने में यह उपयोगी भी हो गया है। अगर आप गूगल अकाउंट का उपयोग करते हैं तो यह खबर आपके बहुत काम की है। दरअसल, नौ नवंबर से गूगल अकाउंट में लॉगिन करने का तरीका बदल रहा है। अब आप उस तरीके से लॉगिन नहीं कर पाएंगे, जैसे अभी तक करते आ रहे हैं। अब आपको गूगल अकाउंट में लॉगिन करने के लिए टू स्टेप वैरिफिकेशन को ऑन करना होगा। अगर कोई ऐसा नहीं करता है तो उसे गूगल अकाउंट में लॉगिन करने की इजाजत नहीं होगी। कंपनी ने पिछले महीने ही इसके बारे में जानकारी दी थी और कहा था कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए टू स्टेप वैरिफिकेशन को अनिवार्य रूप से लागू करना बहुत जरूरी है।

#### बहन को पैसे नहीं दे पाया तो बेरोजगार फांसी पर झूला

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के बागसेवनिया थाना क्षेत्र में एक बेरोजगार युवक ने दीपावली के दिन फांसी पर झूल कर आत्महत्या कर ली। उसमें सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसमें बेरोजगारी और आर्थिक परेशानी के बारे में स्पष्ट किया है। युवक सागर जिले के बीना शहर का रहने वाला है और भोपाल में शॉपिंग के लिए आया था, लेकिन शायद दीपावली की शॉपिंग के लिए उसके पास पैसे नहीं थे। भोपाल के बागसेवनिया थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर टिंकल यादव ने बताया कि बीना का रहने वाला अंकुश तिवारी पुत्र सीताराम तिवारी उम्र 23 साल, प्राइवेट जॉब करता था।

#### चचेरे भाई ने किया नाबालिग बहन को गर्भवती

**जोधपुर।** जोधपुर ग्रामीण के खेड़ापा थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका के मां बनने के मामले में खुलासा हुआ है।बालिका के चचेरे भाई द्वारा ही उसे गर्भवती बनाने की बात सामने आई है। आरोपी चचेरा भाई खुद नाबालिग है, जिसकी अब पुलिस को तलाश है। इधर बालिका ने जोधपुर के उम्मेद अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया है, जिसके बाद ये मामला सामने आया था। घर परिवार के सदस्य सामाजिक लोक लाज के चलते कुछ भी बताने से कतरा रहे थे, जिसके बाद की गई काउंसलिंग में रिश्तेदार द्वारा ही यह गलत काम करने की बात उजागर हुई।

## अमेरिकी फर्म का सर्वे : पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता बाइडन और जॉनसन को छोड़ा पीछे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री के तौर पर अपना दूसरा कार्यकाल पूरा कर रहे नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता में जरा सी भी कमी नहीं आई है। बल्कि वैश्विक नेता के तौर पर उनकी लोकप्रियता बढ़ती ही जा रही है। अमेरिकी डेटा इंटेलिजेंस फर्म द मॉर्निंग कंसल्ट के सर्वे में दावा किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अप्रूवल रेटिंग मे दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश के राष्ट्राध्यक्ष जो बाइडन को भी पीछे छोड़ दिया है। मोदी की अप्रूवल रेटिंग 70 प्रतिशत है और वह दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता चुने गए हैं।

### दुनिया के 13 राष्ट्राध्यक्षों को छोड़ा पीछे

पांच नंवबर को जारी किए गए इस डेटा के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के 13 राष्ट्राध्यक्षों को लोकप्रियता के मामले में पीछे छोड़ दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटिश पीएम बोरिस जॉनसन, मैक्सिकन राष्ट्रपति आंद्रे मैनुएल, इटली के मारियो द्राघी, जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल भी पीएम मोदी के लोकप्रियता के ग्राफ से काफी पीछे हैं। सर्वे में सामने आया है कि पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। तो वहीं मैक्सिकन राष्ट्रपति आंद्रे मैनुएल दूसरे स्थान पर हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन इस लिस्ट में छठे स्थान पर हैं, उन्हें एक पायदान का नुकसान हुआ है। वहीं ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन 10 वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आडवाणी, जोशी वर्चुअल शामिल



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक जारी है। दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर पर आयोजित हो रही बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हैं। इस बैठक में पांच राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के अलावा संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की संभावना है। बैठक में केंद्रीय मंत्रियों के अलावा राज्यों के मुख्यमंत्री और नेता शामिल हो रहे हैं।

### आडवाणी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से हिस्सा लिया

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हिस्सा लिया। दिल्ली में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान 100 करोड़ कोविड 19 टीकाकरण लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों ने माला पहनाकर पीएम मोदी को सम्मानित किया।

### कोरोना प्रोटोकॉल के कारण केवल 124 सदस्य शामिल

कोरोना प्रोटोकॉल के कारण इस बैठक में कन्वेंशन सेंटर में कार्यकारिणी के 124 सदस्य मौजूद हैं। इनमें प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा सभी केंद्रीय मंत्री, राज्यसभा में पार्टी के नेता पीयूष गोयल और कार्यसमिति के अन्य सदस्य शामिल हैं।

### संबोधित करेंगे पीएम मोदी

बैठक का समापन दोपहर बाद प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन से होगा। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी वर्चुअल रूप से शामिल हुए। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी नेताओं को संबोधित किया।



## बंदी की मौत के बाद भड़के कैदियों ने लगाई आग

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में फतेहगढ़ स्थित जिला जेल में एक बंदी की मौत पर साथी भड़क गए। गुस्साए बंदियों ने पथराव कर जेल में आग लगा दी। सूचना मिलते ही जेल और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। बंदियों ने जेलर और अन्य पुलिसकर्मियों पर भी हमला कर दिया। हमले में 30 पुलिसकर्मी घायल होने की खबर है। वहीं, कई बंदी भी घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, मेरापुर थाना क्षेत्र निवासी संदीप हत्या के मामले में जिला जेल में बंद था। हालत बिगड़ने पर उसे सैफई रेफर किया गया था। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर बंदियों ने हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंचे जेलर और अन्य पुलिसकर्मियों पर भी बंदियों ने हमला कर दिया। बंदियों ने डिप्टी जेलर शैलेश कुमार सोनकर पर हमला कर दिया था। उनके साथ जमकर मारपीट की। जेल से तीन गोलियां चलने की आवाज आई। सूचना पर सीओ सिटी प्रदीप सिंह व फतेहगढ़ कोतवाल जयप्रकाश पाल कुछ सिपाहियों के साथ वहां पहुंचे। करीब 30 मिनट से लगातार अलार्म बजता रहा है।

## देशमुख को झटका :12 नवंबर तक भेजा ईडी की हिरासत में



**मुंबई।** वसूली मामले में महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को रविवार को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दरअसल, अदालत ने देशमुख को न्यायिक हिरासत में भेजने के विशेष अदालत के आदेश को रद्द करते हुए 12 नवंबर तक के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि शनिवार को पीएमएलए विशेष अदालत ने देशमुख की ईडी की हिरासत और बढ़ाने से इनकार कर दिया था और 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। लेकिन अब हाईकोर्ट के फैसले से देशमुख को निराशा हाथ लगी है।

## इटली की फर्म लियोनार्डो से हटाया प्रतिबंध

### 3600 करोड़ के हेलीकॉप्टर घोटाले में लगाई गई थी रोक



**नई दिल्ली।** 3600 करोड़ के वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले में प्रतिबंध झेल रही इटैलियन फर्म लियोनार्डो से केंद्र सरकार ने प्रतिबंध हटाने का फैसला किया है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, केंद्र सरकार ने यह फैसला कुछ शर्तों के साथ किया है। इसके तहत इटली की फर्म पर केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय की जांच चलती रहेगी। साथ ही कंपनी को समझौता नए सिरे से करना होगा, वह पूर्व में हुए वित्तीय समझौते पर दावा नहीं कर पाएगी। यह प्रतिबंध अगस्ता वेस्टलैंड से संबंधित है। अगस्ता वेस्टलैंड मामले में भ्रष्टाचार का मामला सामने आने के बाद इटैलियन फर्म के साथ किसी भी प्रकार की डील पर रोक लगा दी गई थी। इसमें ब्लैक टॉरपीडो की डील भी शामिल थी, जिसे नौसेना द्वारा अधिग्रहण की मंजूरी मिल गई थी। सूत्रों के मुताबिक, रक्षा मंत्रालय ने इंटली की फर्म के अनुरोध, कानून मंत्रालय व अन्य एजेंसियों के साथ परामर्श के बाद यह प्रतिबंध हटाने का फैसला लिया गया है।

## चेन्नई में बाढ़ की चेतावनी



**चेन्नई** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई और उपनगरीय इलाकों में रात भर भारी बारिश होने से जगह-जगह जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जलजमाव के कारण यातायात सेवा भी प्रभावित हुई हैं। इस बीच चेन्नई के दो जलाशयों से पानी छोड़े जाने की तैयारी के बीच अधिकारियों ने रविवार को लोगों को बाढ़ की चेतावनी जारी की। शुरुआती बाढ़ की चेतावनी जारी करते हुए राज्य जल संसाधन अधिकारियों ने कांचीपुरम और तिरुवल्लूर के जिलाधिकारियों को निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को वहां से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की सलाह दी है।

## सीएम शिवराज सपत्नीक बुधनी के टॉय फेस्टिवल पहुंचे, दिखाई रुचि



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान अपनी पत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान के साथ बुधनी टॉय फेस्टिवल में पहुंचे। जिन खिलौनों से खेल कर मुख्यमंत्री बड़े हुए हैं, उनके निर्माताओं से बातचीत की और आश्वस्त किया कि मध्यप्रदेश सरकार उनके साथ है। उल्लेखनीय है कि बुधनी में लकड़ी के खिलौने बनाए जाते हैं। यह एक विशेष प्रकार की कारीगरी है, जो दुनिया भर में प्रसिद्ध है। सीएम श्री चौहान ने स्व-सहायता समूह के स्टॉल पर पहुंचकर उनके द्वारा निर्मित उत्पादों का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधनी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं एवं इसी विधानसभा क्षेत्र में जैत गांव उनका जन्म स्थान एवं पैतृक गांव हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने जीवन की पहली आम सभा बुधनी में नमक की बोरियों पर खड़े होकर संबोधित की थी। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बचपन से मैं बुधनी के खिलौनों को देख रहा हूं। यहां के वॉकर पर बेटे कार्तिक भी चले हैं। ये बुधनी की पहचान है। मेरे मन में ये भाव पैदा हुआ कि बुधनी के इस खिलौनों को पूरे भारत में फेमस कर दिया जाए और वर्ल्ड फेम बनाने की कोशिश की जाए।

## दरोगा की बीयर पार्टी में बार बालाओं की पिटाई

**गाजियाबाद ।** गाजियाबाद के मसूरी थाना की डासना चौकी पर तैनात दरोगा जितेंद्र कुमार गौतम ने दिवाली की रात दोस्त कुलदीप शर्मा के फ्लैट पर डांस पार्टी कराई। इसमें बीयर और मुर्गे चले। बार बालाओं को नचाया गया। उनसे कई तरह की फरमाइश की गईं। फरमाइश पूरी न होने पर उन्हें पीटा गया। इसकी शिकायत मिलने पर शनिवार को पुलिस ने दरोगा और उसके चार दोस्तों पर केस दर्ज कर लिया। दरोगा को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे कोर्ट से जमानत मिल गई। एसएसपी ने प्रारंभिक जांच के आधार पर उसे निलंबित कर दिया है। उसके दोस्तों की तलाश है।

## मैहर के रोपवे ने फिर दिया दगा लंबे समय के लिए हुआ बंद



**मैहर।** आप मैहर की मां शारदा के दर्शन करने जा रहे हैं और रोपवे से पर्वत पर चढ़ने का मूढ़ बना रहे हैं तो कुछ दिनों के लिए रुक जाइये। क्योंकि मैहर में मां शारदा के दर्शन करने के लिए त्रिकूट पर्वत पर जाने वाला रोपवे एक बार फिर दगा दे गया है। अबकी बार रोपवे में बड़ी खराबी आने से वह लंबे समय के लिए बंद हो गया है। इससे मां शारदा का दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं को समस्या उठानी पड़ सकती है। उन्हें या तो सीढी से या फिर वैन के माध्यम से मंदिर तक पहुंचना पड़ेगा। शनिवार को रोपवे की मोटर में आई खराबी के कारण रोपवे चलते-चलते रुक गया था जिसके कारण कई यात्री रोपवे में फंस गए थे। जिन्हें पुलिस और प्रशासन की सहायता से उतारा गया था। इससे न केवल रोपवे प्रबंधन बल्कि मंदिर समिति, प्रशासन और पुलिस विभाग को भी फजीहत झेलनी पड़ी थी। अब जब तक रोपवे की मोटर ठीक नहीं हो जाती या बदली नहीं जाती तब तक रोपवे बंद रहेगा। मैहर एसडीएम धर्मेंद्र मिश्रा द्वारा दामोदर रोपवे कंपनी के प्रबंधक जांच के निर्देश और इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश सहित नोटिस थमाया गया है।



## सोनिया गांधी से मिले कमल नाथ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने शनिवार सुबह कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से दिल्ली में मुलाकात की। नाथ ने इस दौरान प्रदेश में हाल ही में संपन्न् उपचुनाव व उसके परिणामों की जानकारी दी। साथ ही संगठन से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की। कांग्रेस की ओर से जारी आधिकारिक जानकारी में बताया गया कि दोनों नेताओं ने किसान आंदोलन,कृषि कानूनों से खाद संकट बढ़ती महंगाई जैसे मामलों पर भी विमर्श किया।

## नहाय खाय से शुरू होगा छठ पर्व, उत्तर भारतीय उत्साहित



**धर्म डेस्क ।** कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को छठ मनाया जाता है। यह उपवास महिलाएं और पुरुष दोनों रखते हैं। यह व्रत बेहद कठिन होता है। इसमें 24 घंटे से अधिक समय तक कुछ भी खाया पीया नहीं जाता है। इस साल महापर्व छठ 8 नवंबर को नहाय-खाय से शुरू होगा। 9 नवंबर को खरना के बाद निर्जला व्रत शुरू होगा। अगले दिन छठ का पहला अर्घ्य संध्या में दिया जाएगा। इसके बाद 11 नवंबर को सूर्योदय के समय जल देकर उपवास का पारण किया जाएगा।

### नहाय-खाय का महत्व

कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को छठ का पहला दिन होता है। इस दिन जल्दी उठकर घर की साफ-सफाई करनी चाहिए। फिर स्नान करने के बाद छठ पर्व का आरंभ होता है। नहाय खाय के दिन चने की दाल, कद्दू की सब्जी और चावल खाया जाता है। कई जगहों पर इस दिन को कद्दू भात वाला दिवस भी कहा जाता है।

### खरना का महत्व

कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को छठ व्रत का दूसरा दिन मनाया जाता है। इस दिवस को खरना कहते हैं। इस दिन भक्त निर्जला व्रत रखते हैं। खरना में मिट्टी के चूल्हे पर चावल, दूध और गुड़ की खीर बनाई जाती है। शाम के समय सूर्य देव को भोग लगाने के बाद प्रसाद ग्रहण किया जाता है। फिर निर्जला व्रत आरंभ होता है।

### षष्ठी तिथि संध्या अर्घ्य

छठ पर्व का तीसरा दिन षष्ठी तिथि होता है। इस दिन निर्जला उपवास रखा जाता है। शाम के समय तालाब या नदी में जाकर कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है।

### सप्तमी तिथि सूर्योदय अर्घ्य

सप्तमी में व्रती फिर उगते सूरज को अर्घ्य देते हैं। धूप-दीप के बाद प्रसाद ग्रहण करके पारण के साथ छठ पर्व का समापन होता है।

ईगल बैटरी
डीलर-एक्साइड बैटरी
सभी गाड़ियों की बैटरी
EXIDE MICROTEK TECHNOLOGY WE LIVE
पत्रकार भवन के सामने, बल्देवबाग
जबलपुर, फोन-9826115492, 9200792000

# दीपावली पर दीपों की रोशनी से जगमगाया शहर

## भाईदूज के साथ पांच दिवसीय दीपोत्सव का समापन





**जबलपुर।** पांच दिवसीय दीपोत्सव का समापन भाई दूज पर्व के साथ शनिवार हो गया। दीपों का पर्व दीपावली उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया। घर और आंगन असंख्य दीपों की झिलामिलाहट ने जगमगा उठे। दीपों की रोशनी, आतिशबाजी के प्रकाश, और घरों में लगी रंगबिरंगी मनभावन सीरीज की लडियों ने अवनी से अंबर तक घने अंधेरे को दूर हटा कर हर तरफ उजियारा कर दिया। हर तरफ दीपावली की देर रात तक फटाकों की गूंज गूंजती रही। खुशियों से भरे इस त्योहार के अवसर पर हर घर में दीपोत्सव मनाया गया। हर घर में कई झिलमिलाती सीरीज से रोशनी दूर- दूर तक झिटक रही थी। हर घर में साफ सफाई के बाद एक अलग ही माहौल बना हुआ था। हर घर के सामने दीप जल रहे थे। सजे धजे घर के सामने रंग बिरंगी रंगोली की छटा बिखर रही थी। लोगों ने अपने घरों को केले के पत्तों आम के पत्तों और पुष्प मालाओं से खूब सजाया। मुहुर्त के अनुसार धन की देवी महालक्ष्मी की पूजन अर्चन की गई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में खुशी की लहर बनी रही । हर घर में हुई देवी लक्ष्मी की पूजन: प्राय: सभी हिन्दु परिवार के लोगों ने धन की देवी लक्ष्मी जी शुभ मुहुर्त में पूजन अर्चन करने के बाद अपने घर आंगन में आतिशबाजी की। बच्चों और महिलाओं के साथ पूरे परिवार के लोगों ने पटाखे फोड़े। जमी से आसमान तक आतिशबाजी की गूंज गूंजती रही। कई ऊपर जाने वाले पटाखों ने आसमान को भी रंगीन बना दिया था।

### बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर उनके लिए मांगी लंबी उम्र,

भाई दूज का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर कर उनकी लंबी उम्र के साथ-साथ कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की । भाईयों ने भी अपनी बहनों पर स्नेह लुटाते हुए सुंदर-सुंदर उपहार दिए। साथ ही जीवनभर रक्षा का वचन दे रहे हैं। इसके साथ-साथ भाई दूज पर कायस्थ समाज ने कलम-दवात की पूजा की । चित्रगुप्त मंदिरों सहित अन्य जगहों पर भगवान चित्रगुप्त की विधि-विधान से पूजन किया गया। इस दिन यम ने बहन यमुना को रक्षा का वचन दिया था, इसलिए इसे यम द्वितीया भी कहते है। इस दिन बहने भाइयों को घर बुलाकर भोजन कराया। उनकी आरती उतारी । भाई बहन को उपहार दिया।

### कलेक्टर ने वृद्धाश्रम पहुँचकर बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने दीपावली पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित वृद्धाश्रम पहुँचकर बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया। धर्मपत्नी डॉ अपूर्वा शर्मा के साथ दोपहर वृद्धाश्रम पहुँचे श्री शर्मा ने वृद्धजनों की कुशलक्षेम पूछी और शाल, श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया। श्री शर्मा ने वृद्धजनों को उपहार स्वरूप वस्त्र भेंट किये। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वृद्धाश्रम की महिला अंत:वासियों द्वारा भजन प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव आशीष दीक्षित भी मौजूद थे।

### हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में छप्पन भोग अर्पण



हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में परीबा पर्व पर भगवान राधा कृष्ण को छप्पन भोग का अर्पण किया गया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने अन्नकूट के दर्शन किए उसके पश्चात गौ माता का पूजन कर वृंदावन धाम से पूजित मोर पंख का वितरण आश्रम संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज ने किया द्य यहां सर्वाधिक आकर्षण हलवे से बना गोवर्धन पर्वत था , जिस की परिक्रमा भक्तों ने की द्य स्वामी रामचंद्र दास महाराज ने इस अवसर पर कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र देवता के घमंड को चूर करते हुए पर्यावरण की रक्षा का संकल्प दिलाकर गोवर्धन पर्वत की पूजन प्रारंभ की द्य यह परंपरा द्वापर युग से प्रारंभ हुई द्य कार्यक्रम में भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल डॉक्टर शिव शंकर पटेल एवं बड़ी संख्या में भक्त गण उपस्थित थे।



### यशभारत कार्यालय में बिखरा दीपोत्सव का उल्लास

शताब्दीपुरम उखरी स्थित सांध्य दैनिक यशभारत के नवीन कार्यालय में संस्थापक आशीष शुक्ला व डॉ. श्रीमती रश्मि शुक्ला ने मां लक्ष्मी व गणेश पूजन किया। इस मौके पर अभिषेक शुक्ला, अजेय शुक्ला एवं यश भारत परिवार , जबलपुर पॉवर एवं फ्लेक्स के सदस्यों ने उत्साह और उमंग के साथ दीपोत्सव का उल्लास बिखेरा और आतिशबाजी कर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।





### गोवर्धन एवं अन्नकूट पूजन ,गौसेवकों का सम्मान

भारत सिंह यादव के निवास अमखेरा में गोवर्धन पूजन एवं अन्नकूट पूजन का आयोजन समर्थगुरू भैय्या जी सरकार के सानिध्य में किया गया जिसमें गौमाता की पूजन कर गौसेवकों का सम्मान भी किया गया कार्यक्रम में भारत सिंह यादव, प्रभा यादव, के एन सिंह यादव, सुरेन्द्र गिरी, दीपक शर्मा टिम्मी, विजय सिंह यादव, कमलेश धापुरकर, राजा सेन, लक्ष्मी शुक्ला, चंदन सिंह यादव, शुश्री मधु यादव, रामनिवास गौतम, संजय पटेल जनपद अध्यक्ष, संतोष सैनी, अजीत जैन अज्जू, इन्द्र पटेल, प्रदीप यादव पूर्व मंडी अध्यक्ष, मनीष तिवारी, राघवेन्द्र यादव लालू, राजेश यादव, प्रदीप पटेल, मुरली दुबे, रागनी दीक्षित, रश्मि यादव, अनिता यादव, अर्चना यादव, वर्षा शर्मा, बबिता सेन, बबली यादव, एवं सभी क्षेत्रवासी कार्यक्रम में उपस्थित थे

### साहू समाज का अन्नकूट महोत्सव संपन्न



श्री जगदीश स्वामी कर्मा माई शंकर भगवान मन्दिर ट्रस्ट लार्डगंज जबलपुर अन्नकूट महोत्सव श्री प्रकाश चंद्र कोठी वाले,श्री उदयभान साहू के आतिथ्य में श्री साहू धर्मशाला ग?ाफटक मे नव निर्वाचित पदाधिकारी आजाद साहू, धर्मेंद्र साहू,ब्रजेश साहू,जगदीश साहू ,बाबूलाल साहू, शेलेंद्र साहू, सुरेन्द्र साहू, सुशील साहू ,राजू साहू,के मार्गदर्शन मे संपन्न हुआ ।जिसमे ब?ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ स्वामी जी को 56 प्रकार का भोग लगाया गया समाज के वरिष्ठ राजेंद्र साहू, राजू कोठी वाले, आशीष पण्डा , सीताराम साहू, राजकुमार साहू, लालजी साहू आदि की उपस्तिथि रही ।

### नर्मदा महाआरती



जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता एवं श्रीमती संध्या गुप्ता और कामधेनू विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति उमेश कुमार मिश्रा एवं श्रीमती शीला मिश्रा, डॉ. आदित्य मिश्रा ने उमा घाट में महाआरती के संस्थापक पंडित ओमकार दुबे के संयोजन में महाआरती की और नर्मदा मैया का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का जबलपुर से शाहपुरा की ओर विहार

## जबलपुर का चातुर्मास अत्यंत आनंददायक रहा- आचार्य विद्यासागर महाराज

जबलपुर। आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज का कल चातुर्मास की समाप्ति के पश्चात प्रात: 6-15 पर गमन हो गया, आचार्य श्री शहपुरा- भिटौनी की दिशा में विहार कर रहे हैं ऐसी संभावना है कि आचार्य श्री शाहपुरा में 10 नवंबर से 16 नवंबर तक आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव में आशीर्वाद प्रदान करेंगे , अनियमित विहारी, आचार्य श्री के विहार की कोई भी जानकारी किसी को नहीं होती इसीलिए दिशा के अनुसार ही संभावना व्यक्त की जा रही है की आचार्य श्री दमोह जिले में स्थित कुंडलपुर तीर्थ क्षेत्र की तरफ जा सकते है। कुंडलपुर में पाषाण के विशाल जिनालय का निर्माण किया गया है, जिसका प्राण प्रतिष्ठा समारोह भी फरवरी में संभावित है। आज आचार्य श्री ने तेवर की निकट अनिल पेट्रोल पंप परिसर में विश्राम किया एवं आहार चर्या अनिल जैन के चौके में संपन्न हुई। आचार्य श्री के पूजन का सौभाग्य छोटे लाल जैन को प्राप्त हुआ , आचार्य श्री ने ससंघ बिलखरबा ग्राम पंचायत में रात्रि विश्राम किया, आज रविवार को प्रात: आहार चर्या सहजपुर मे होना संभावित है



आचार्य श्री के दयोदय तीर्थ से गमन की सूचना मिलते ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु संघ के पीछे-पीछे नम आंखों से विहार करने लगे , आहार के पूर्व आचार्य श्री ने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा , चातुर्मास तो पहले भी हुए हैं जबलपुर में, दयोदय में भी हुए हैं और मढिया जी में भी हुए हैं, लेकिन यह चातुर्मास बहुत आनंददायक रहा, धर्म ध्यान हुआ, प्रतिदिन श्रद्धालुओं से आंगन भरा रहता था आज भी आंगन भरा हुआ है , आप इसी तरह धार्मिक वातावरण और धर्म ध्यान में डूबे रहो यही आशीर्वाद है, भगवान के समोसारण को देख कर कोई भी कभी थकता, व्यक्तित्व तो बहुत होते हैं लेकिन अरिहंत परमेष्ठी भगवान को देखते देखते गणधर कभी थकते नहीं है , ऐसा सभी काल हुआ है, अरिहंत के आगमन के पूर्व भी और उनके जाने के पश्चात भी। जबलपुर में चातुर्मास हो गया पर अभी चलते समय कोई कह रहा था की दर्शन तो हो गए बार-बार हो गए पर अभी भी मन नहीं भरा , ईश्वर की भक्ति में अपना मन लगाओ, हम भगवान से प्रार्थना करते है कि इनका मन ईश्वर की भक्ति से कभी ना भरे। आचार्य श्री के साथ मुनि महाराज , छूल्लक महाराज , ब्रह्मचारी भैया ब्रह्मचारिणी दीदी एवं ज्ञानोदय विद्यापीठ की शिक्षक दीदी एवं हजारों श्रद्धालु भी विहार कर रहे हैं। जबलपुर में इस वर्ष चातुर्मास इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण हुआ क्योंकि आचार्य श्री के आशीर्वाद से पूर्णायु आयुर्वेद विद्यापीठ एवं 800 बिस्तरों के आयुर्वेद चिकित्सालय का शिलान्यास संपन्न हुआ यह देश में सबसे बड़ा आयुर्वेद का केंद्र होगा जिसमें पारंपरिक आयुर्वैदिक विधि से रोगों का इलाज किया जाएगा साथ ही 300 बिस्तर असहाय एवं गरीब मरीजों के लिए आरक्षित किए जाएंगे । मध्य भारत को प्राप्त होने वाली यह महत्वपूर्ण उपलब्धि सदैव आचार्य श्री के चातुर्मास के रूप में याद रखी जाएगी।

## उगते और डूबते सूर्य की पूजा

# छठ महापर्व का श्री गणेश कल से

**जबलपुर। छठ पर्व को उगते और डूबते सूर्य की पूजा करनेवाला एकमात्र पर्व माना जाता है। यह कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष में षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला लोकपर्व है। इसे सूर्य षष्ठी के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व दिवाली के 6 दिन बाद मनाया जाता है। इसकी शुरू आत 8 नवंबर हो रही है।**

शहर में तैयारियां जोरशोर से शुरू हो गई हैं। मुख्य रूप से यह पर्व उत्तर भारत के राज्यों बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में छठ पूजा को लोकपर्व के रूप में खास पहचान मिली है। यही वजह है कि अब इस पर्व की रौनक अब जबलपुर समेत पूरे प्रदेया में भी देखने को मिलती है। छठ पूजा में सूर्य देव और छठी मैया की पूजा व उन्हें अर्घ्य देने का विधान है। ग्वारीघाट, अधारताल,कचंनपुर तालाब, गोकलपुर तालाब समेत नगर के कई क्षेत्रों में इस महापर्व की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

### 36 घंटों का व्रत, 4 दिनों का उत्सव

छठ पूजा चार दिनों तक चलने वाला लोक पर्व है। यह चार दिवसीय उत्सव है, जिसकी शुरुआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से होती है और कार्तिक शुक्ल सप्तमी को इस पर्व का समापन होता है।



### पहला दिन - नहाय खाए

इस दिन स्नान के बाद घर की साफ-सफाई की जाती है और मन को तामसिक प्रवृत्ति से बचाने के लिए शाकाहारी भोजन किया जाता है। इस दिन व्रती स्नान कर नए वस्त्र धारण कर पूजा के बाद चना दाल, कद्दू की सब्जी और चावल को प्रसाद के तौर पर ग्रहण करते हैं। व्रती के भोजन करने के बाद परिवार के सभी सदस्य भोजन ग्रहण करते हैं।

### दूसरा दिन - खरना

खरना में पूरे दिन का उपवास होता है। इस दिन व्रतीजल की एक बूंद तक ग्रहण नहीं करता है। संध्या के समय व्रती लकड़ी के चूल्हे पर गुड़ की खीर बनाते हैं और घी लगी हुई रोटी का सेवन करते हैं। इसे ही घर के बाकी सदस्य भी प्रसाद के तौर पर ग्रहण करते हैं। इसके बाद से ही 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरु हो जाता है। पौराणिक मान्यता है कि खरना पूजा के बाद ही छठी मइया का घर में आगमन हो जाता है।

### तीसरा दिन - संध्या अर्घ्य

छठ पर्व के तीसरे दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को संध्या के समय सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। शाम को बाँस की टोकरी में फलों, ठेकुआ, चावल के लड्डू आदि से अर्घ्य का सूप सजाया जाता है, जिसके बाद व्रती अपने परिवार के साथ सूर्य को अर्घ्य देते हैं। अर्घ्य के समय सूर्य देव को जल और दूध च?या जाता है और प्रसाद भरे सूप से छठी मैया की पूजा की जाती है। सूर्य देव की उपासना के बाद रात्रि में छठी माता के गीत गाए जाते हैं और व्रत कथा सुनी जाती है।

### छठ पूजा 2021 तिथियां

- 8 नवंबर - पहला दिन , नहाए खाए के साथ शुरु होती है छठ पूजा
- 9 नवंबर - दूसरा दिन, खरना व्रत एवं रात में खीर का प्रसाद
- 10 नवंबर - तीसरा दिन, छठ पूजा का संध्या अर्घ्य
- 11 नवंबर - चौथा दिन, छठ पूजा का उषा अर्घ्य एवं पारण षष्ठी तिथि

### चौथा दिन - उषा अर्घ्य

छठ पर्व के अंतिम दिन सुबह के समय सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। इस दिन सुबह सूर्योदय से पहले नदी के घाट पर पहुंचकर उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। इसके बाद छठ माता से संतान की रक्षा और पूरे परिवार की सुख शांति का वर मांगा जाता है। पूजा के बाद व्रती कच्चे दूध का शरबत पीकर और थोड़ा प्रसाद खाकर पारण करते हैं। सुबह के अर्घ्य के साथ ही इस व्रत की समाप्ति हो जाती है।

# रोज मिल रहे डेंगू के मरीज चिकिन गुनिया का भी कहर

**जबलपुर, । शहर के नागरिकों को डेंगू से राहत नहीं मिल पा रही है। चिकित्सकों की मानें तो मच्छरों से राहत न मिल पाने के कारण डेंगू के नए मरीज सामने आ रहे हैं। इस साल पांच नवंबर तक मरीजों की संख्या 769 पहुंच चुकी है। जबकि2018 में जनवरी से दिसंबर के बीच डेंगू के 825 मरीज सरकारी आंकड़ों में दर्ज किए गए थे। इधर चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या शतक के करीब पहुंच चुकी है।**



गत वर्ष चिकनगुनिया के 34 मरीज मिले थे जबकि इस वर्ष उक्त अवधि में आंकड़ा बढ़कर 97 पहुंच गया है। जिला मलेरिया अधिकारी डा. आरके पहारिया ने कहा कि घरों में रखे गमले, पानी की टंकियां, कूलर, कंटेनर, फ्रिज आदि का पानी समय से नहीं बदला जा रहा है। जिसके चलते मच्छरों के लार्वा को पनपने की जगह मिल रही है। नागरिकों की जागरुकता से मच्छरजन्य बीमारियों की रोकथाम संभव है। सरकारी व निजी अस्पतालों तथा फीवर क्लीनिक में बुखार के मरीजों की संख्या 300 से 400 के बीच बनी हुई है। इतने मरीज रोजाना उपचार कराने पहुंच रहे हैं। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देश पर बुखार के मरीजों का डेंगू, मलेरिया व कोरोना परीक्षण किया जा रहा है। कोरोना का खतरा काफी कम हुआ है परंतु डेंगू व चिकनगुनिया के नए मरीज सामने आ रहे हैं। मेट्रो अस्पताल के भेषज विशेषज्ञ डा. शैलेंद्र राजपूत का कहना है कि साफ पानी में पैदा होने वाले एडीज मच्छरों के काटने से डेंगू होता है। नागरिकों की जागरुकता से यह बीमारी नियंत्रित की जा सकती है। जिला मलेरिया विभाग द्वारा त्योहार से पहले किए गए सर्वे में साढे तीन हजार से ज्यादा घरों में मच्छरों के लार्वा पाए गए थे। सर्वे टीम ने लार्वा का विनिष्टीकरण करते हुए नागरिकों को मच्छरों की रोकथाम के उपाय बताए थे। इस दौरान सामने आए बुखार के मरीजों की एनएस-1 जांच की गई थी। यह जांच मरीज में डेंगू के लक्षण मिलने के पांच दिन के भीतर की जाती है। ताकि शुरूआती दौर में ही डेंगू की पहचान कर मरीज का बेहतर उपचार किया जा सके। जांच उपरांत साधारण डेंगू बुखार, डेंगू हेमरेजिक बुखार तथा डेंगू शाक सिंड्रोम का पता लगाते हुए मरीजों का उपचार किया गया।



हरियाणा-मध्यप्रदेश के कृषि मंत्री चरगवां ललपुर गांव में

# अब ड्रोन से होगा यूरिया का छिड़काव



**जबलपुर, यशभारत।** खेतों में यूरिया छिड़काव ड्रोन से होगा इसका एक उदाहरण चरगवां के ललपुर में देखने को मिला। मध्य प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री कमल पटेल

## यूरिया की तुलना में नैना तरल यूरिया बेहतर

और हरियाणा के कृषि मंत्री जे पी दलाल ने यहां चरगंवा रोड स्थित ग्राम ललपुर में फसल पर ड्रोन से नैनो तरल यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन देखा। प्रर्दशन का आयोजन इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को-ऑपरेटिव लिमिटेड (इफ्को) द्वारा दलाल कृषि फार्म की कृषि भूमि पर किया गया था। । इस मौके पर इफ्को के अधिकारियों ने बताया की नैनो तरल यूरिया, यूरिया का बेहतर विकल्प है। यूरिया की तुलना में नैनो तरल यूरिया का उपयोग कहीं ज्यादा आसान है और यह यूरिया से सस्ता होता है। फसल पर इसका छिड़काव पानी में मिलाकर किया जाता है।

इसके पहले किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री पटेल ने आज सुबह हरियाणा के कृषि मंत्री जे पी दलाल के साथ जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के बायोफर्टिलाइजर सेंटर का अवलोकन किया। श्री पटेल ने इस अवसर पर मौजूद कृषि वैज्ञानिकों चर्चा की तथा जैव उर्वरकों के इस्तेमाल के लिये किसानों को जागरूक और प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बताई।

### सहजपुर में आचार्य श्री से लिया आशीर्वाद

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने जबलपुर प्रवास के दूसरे दिन हरियाणा के कृषि मंत्री जे पी दलाल के साथ सहजपुर पहुँचकर आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के दर्शन किये एवं उनकाआशीर्वाद प्राप्त किया। श्री पटेल ने बाद में कृषि उपज मंडी परिसर शहपुरा में पंचकल्याणक की चल रही तैयारियों का जायजा भी लिया।

# लो आ गई सर्दी

**जबलपुर। दीपावली पर्व के बीतते ही सर्दी असर दिखाने लगी है। पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होते ही बदला मौसम, रात का पारा 12डिसे पर आया शनिवार-रविवार की की दरमियानी रात न्यूनतम तापमान 13 डिग्री दर्ज किया गया। रविवार की सुबह न्यूनतम पारा सामान्य से 3 डिसे कम 12 पर था। मौसम वैज्ञानिकों का तर्क है कि पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म हो चुका है।**

पारा 12 डिग्री पर आते ही सर्दी की शुरूआत हो गई है। आने वाले दिनों में रात का तापमान और नीचे खिसकेगा। इससे सर्दी बढ़ेगी। इसकी वजह से सबसे ठंडी रात महसूस की गई। दिन में भी धुंध सी रही। इससे शाम से ही ठंड का अहसास होने लगा। मौसम विभाग के मुताबिक दिन का अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री रिकार्ड हुआ। सामान्य से 1 डिग्री कम रहा

### आगे क्या- अभी और नीचे जाएगा तापमान

सर्दी की शुरुआत हो चुकी है। न्यूनतम पारा 12 डिग्री के पहुंचने के बाद थमने के आसार नहीं है। अभी यह और नीचे जाएगा। क्योंकि अब पश्चिमी विक्षोभ भी नहीं है। प्रदेश में अब शुष्क हवाएं आनी शुरू हो गई हैं और इसके प्रभाव से बीते चौबीस घंटे में ही न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस गिर गया है। शुष्क हवाओं के आने के कारण अब चुभने वाली धूप नहीं पड़ रही है। रात का पारा गिरने के कारण बीते दो दिनों से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में ठंड की शुरुआत हो गई है। आने वाले दिनों में ठंड और जोर पकड़ेगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि प्रदेश में इस साल काफी अच्छी ठंड पड़ने के संकेत हैं। नवंबर के पहले हफ्ते ही न्यूनतम तापमान में इतनी गिरावट आना इसका संकेत दे रहा है।

फिलहाल कोई वेदर सिस्टम मौजूद नहीं है। हालांकि अरब सागर में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण आ रही नमी से दो से तीन किलोमीटर की ऊंचाई पर आंशिक बादल बने हुए हैं। बादलों के काफी ऊंचाई पर बने रहने से वर्तमान में मौसम के मिजाज पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। शुक्ला के मुताबिक अभी दो दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहेगा। नौ नवंबर के आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंचने की संभावना है। इससे हवाओं का रुख बदलने से न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी हाने लगेगी।हालांकि इस सिस्टम की आवृति काफी कमजोर है। इसके चलते उत्तर भारत में बर्फबारी होने की संभावना कम है। एक-दो दिन सक्रिय रहने के बाद यह सिस्टम आगे गुजर जाएगा। इसके बाद फिर हवाओं का रुख उत्तरी होने से एक बार फिर न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट होने की संभावना है। 15 नवंबर से मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ने की शुरूआत भी हो सकती है।

### सज गए गर्म कपड़ों के बाजार

अब ठंड की दस्तक शुरू नगर के विभिन्न क्षेत्रों में गर्म कपड़ों का बाजार सज गया है। इसके साथ ही कपड़ा दुकानों में भी गर्म कपड़ों की नई-नई रेंज आ गई है। इसके साथ ही गर्म कपड़ों पर भी अब आफरों का दौर शुरू होने वाला है।

# स्टेशन में अब गंदगी करने वालों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई

## रेलवे वसूलेगा 500 रूपये का जुर्माना

*जबलपुर यश भारत। रेलवे स्टेशनों पर अब किसी भी जगह पर थूकना या गंदगी फैलाना जैसे कार्य करने पर रेल प्रशासन ने दंडात्मक कार्यवाही करने का निश्चय किया है। इस संबंध में पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा 3 नवंबर को जारी सर्कुलर के तहत जबलपुर मंडल के किसी भी स्टेशन पर यदि कोई यात्री या कोई अन्य व्यक्ति साफ-सफाई को प्रभावित करने जैसा कार्य करेगा तो उस पर सूक्ष्म कार्यवाही के तहत दो सौ रुपए तथा बड़ी कार्यवाही के तहत 500 रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन ने बताया कि पूर्व में मंडल में गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध रेल प्रशासन द्वारा राशि 100 रूपये का अर्थदंड वसूला जाता था। हाल ही में मुख्यालय ने इस दर को बढ़ा दिया है अब स्टेशन पर पान, गुटखा खाकर या वैसे ही थूकने पर पकड़े गए व्यक्ति से ?200 रूपये का जुर्माना वसूल किया जाएगा इसके अतिरिक्त स्टेशन पर खाद्य सामग्री फेंकना बच्चे को पॉटी कराना जैसे कार्य करने वालो पर राशि 500 रूपये का जुर्माना वसूल किया जाएगा। श्री रंजन ने बताया कि उक्त संबंध में सभी वाणिज्य कर्मचारियों, रेल सुरक्षा बल को सूचना दे दी गई है(



# राजर्षि परमानंद भाई पटेल जन्म शताब्दी वर्ष समारोह पर सद्भावना क्रिकेट

**जबलपुर।** राजर्षि परमानंद भाई पटेल जन्म शताब्दी वर्ष 1921-2021 समारोह के अवसर पर रानीताल क्रिकेट स्टेडियम, जबलपुर में सद्भावना क्रिकेट मैच खेला गया। जिसका शुभारंभ अपने समय के जाने माने क्रिकेटर एवं पूर्व मंत्री श्रवणभाई पटैल ने किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री चन्द्रकुमार भनोत, विधायक अजय विश्नोई, तरूण भनोत, विनय सक्सेना, यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला, विष्णु शंकर पटैल,सौरभ नाटी शर्मा, योगेन्द्र तिवारी, द्वारका मिश्र, नीलेश अवस्थी,पर्व जायसवाल, डॉ.निशिथ पटेल,प्रणव पटेल ,हर्ष पटेल, राजुल करसोलिया व जेडीसीए के सचिव धर्मेन्द्र पटैल मौजूद रहे।



गुलौआ चौक में दो दिवसीय चंडी मेले का आयोजन

## बच्चों के आकर्षण झूलों के साथ साथ खेल खिलौने, घरेलू उपयोगी सामान लगी दुकानें

जबलपुर। शनिवार को शाम 5~30 बजे से श्री रानी दुर्गावती मित्र मंडल गुलौआ चौक, गढ़ा जबलपुर द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दीपावली की दूध 32 को दो दिवसीय चंडी मेले का आयोजन किया जाता है जिसका शुभारंभ आज यहां पर हुआ है इस मेले में चंडी माता की स्थापना की गई व बच्चों के मनोरंजन हेतु आकर्षण झूलों के साथ-साथ घरेलू उपयोगी सामग्री खानपान के अनेक स्टाल यहां पर लगाए गए जिसका सभी नगर वासियों द्वारा द्वारा मेले का आनंद उठाया जा रहा है वहीं रानी दुर्गावती मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा इस वर्ष जो दुर्गा माता रानी के विसर्जन के लिए स्वनिर्मित कुंड का निर्माण कर दुर्गा माता का विसर्जन किया गया था उसका भी यहां पर रिकॉर्डिंग चलाई जा रही है जो निरंतर 7 नवंबर रविवार के मध्य रात्रि तक चलेगी। श्री रानी दुर्गावती मित्र मंडल के अरुण जैन ने बताया है कि यहां पर ही मेले का आयोजन किया जाता है यहां से चंडी मेले की शुरुआत होती है जो शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों द्वारा यहां से चंडी मढई ले जाई जाती है व आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया जाता है। इस चंडी मेले में सभी नागरिकों माताओं बहनों द्वारा मेले का लुफ्त उठाया जाता है।

# आई एम एफ एस विंडो ने रोका वेतन वृद्धि का एरियस

## दीपावली में कर्मचारियों से धोखा




जबलपुर/ मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संरक्षक योगेन्द्र दुबे, जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने प्रदेश के करीबन दस लाख कर्मचारियों को वेतन वृद्धि के 6 माह के एरियस के भुगतान ना किये जाने की घोर निंदा की है। सरकार ने आदेश क्रमांक 1879/1072/2021 / नियम / चार/भोपाल दिनॉक 22 अक्टूबर 2021 जारी कर 2020 की वेतव वृद्धि 12 माह विलंब से दी गई थी, इस अवधि का 2 किस्तों में किया जाना है 6 माह की ि?स्त का दीपावली के पहले भुगतान किया जाना था लेकिन कर्मचारियों को एरियर्स की राशि का भुगतान आज दिनॉक को भी नहीं किया गया। कार्यालयों के कंप्यूटर में आई एफ एम एस विन्डों ही नहीं खुल रहा है जिससे एरियस के बिल जनरेट ही नहीं हो रहे एरियर्स से एक कर्मचारी को करीबन 7 से 10 हजार रूपये प्रतिमाह मिलना था। एरियर्स की उम्मीद लगाये बैठे कर्मचारी की दीपावली अधूरी रह गई। अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संरक्षक योगेन्द्र दुबे , जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय, नरेश शुक्ला, मुकेश चर्तवेर्दी, संतोष मिश्रा ,रविकांत दहायत ,अजय दुबे ,योगेश चौधरी ,प्रसान्त सोंधिया, विश्वदीप पटैरिया, संजय गुजराल ,प्रदीप पटैल, देवदोनेरिया, धीरेन्द्र सिंह, मुकेशमरकाम, योगेन्द्र मिश्रा, राजेन्द्र त्रिपाठी, संतोष दुबे, यू एस करोसिया,आलोक अग्निहोत्री, चंदूजाउलकर, मुकेश मिश्रा संतोष दुबे ने कर्मचारियों के साथ दीपावली त्यौहार पर प्रदेश के लाखों कर्मचारियों से किये गये छलावे की घोर निंदा की है। मोर्चा पदाधिकारियों ने तत्काल सरकार द्वारा घोषित 6 माह के एरियर्स की राषि के भुगतान किये जाने की मॉग की है।

### दीपावली में तरस गया वेतन को मजदूर

लोक निर्माण, लोक स्वास्थ यांत्रिकी वन और सिचाई विभाग के हजारों कार्य भारित स्थापना ,स्थाई दल श्रमिकों को दीपावली के पहले कार्यालय प्रमुखों की लापरवाही के कारण तनख्वाह का भुगतान नहीं हो पाया ।अनेक ग्रामीण क्षेत्रों की बैंकों में वेतन पहुंचा ही नहीं । अनेक स्थाई दल श्रमिक समयपाल चौकीदार वाहन चालक, मेट दफ्तरी,पम्प अटेन्डेन्ट माली,डाटा आपरेटर दीपावली में अपने ही वेतन के लिए तरस गया। म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के योगेन्द्र दुबे, अवेन्द्र राजपूत अवधेश तिवारी, अटल उपाध्याय नरेन्द्र दुबे, मुकेश सिंह, मिर्जा मंसूर वेग आलोक अग्निहोत्री, दुर्गेश पान्डेय मो. तारिक ,धीरेन्द्र सोनी, श्याम नारायण तिवारी,महेश कोरी नितिन शर्मा ने जिम्मेवार अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# कलेक्टर शर्मा ने कोरोना से अनाथ हुये बच्चों के साथ मनाई दीपावली



जबलपुर, । कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने दीपावली की खुशियां उन बच्चों के साथ बांटी कोरोना के कारण जिनके सिर से माता पिता का साया उठ गया है। श्री शर्मा ने कलेक्ट्रेट में कल गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में इन बच्चों को दीपावली की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में 15 से अधिक बच्चे शामिल हुए।मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के हितग्राही इन बच्चों के माता और पिता की मृत्यु कोरोना की बीमारी के कारण हो गई थी। कलेक्टर ने इन बच्चों को पेन-पेंसिल एवं मिठाई के पैकेट भेंट किये और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी डॉ अपूर्वा शर्मा भी मौजूद थीं।

कलेक्टर श्री शर्मा ने इन बच्चों से उनके हाल चाल जाने तथा मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के तहत मिल रहे लाभों की जानकारी ली। श्री शर्मा ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह देते हुये कहा कि किसी भी तरह की कठिनाई आने पर वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन उनकी सहायता के लिये हमेशा तत्पर रहेगा। इन बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, राशन और आर्थिक सहायता की जिम्मेदारी अब शासन और प्रशासन की है। ये बच्चे दीपावली पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के हितग्राही बच्चों के साथ दीपावली मनाने आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल होने कलेक्ट्रेट पहुँचे थे। मुख्यमंत्री निवास से इस कार्यक्रम का सभी जिलों में लाइव प्रसारण किया गया था । लाइव प्रसारण के दौरान कलेक्ट्रेट जबलपुर स्थित एनआईसी के व्हीसी कक्ष में मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के हितग्राही बच्चों के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास एम एल मेहरा भी मौजूद थे।


## वैदिक ज्योतिष समाधान

कुंडली निर्माण/फलादेश, कुंडली मिलान/गुण मिलान, नौकरी/व्यापार, बाधा, शैतान बाधा, विवाह बाधा/स्वास्थ्य समस्याएँ , कानूनी विवाद/पारिवारिक विवाद,पितृदोष/मंगलदोष/ऋणदोष आदि कुंडली दोषो आदि किसी भी तरह की जीवन से जुड़ी समस्याओं के वैदिक ज्योतिष समाधान के लिए संपर्क करें।

ज्योतिषाचार्य आशीष कुमार रांझी, जबलपुर
मो./वॉट्सएप 8319296558, 9165367125,
समयः 9 AM से 10 PM


## कल से अनारक्षित टिकट पर कर सकेंगे रेल का सफर

**जबलपुर,।** अब जनरल कोचों में यात्रा करने के लिए रिजर्वेशन नहीं कराना होगा। कोरोना संक्रमण के बाद यात्रियों के लिए जनरल कोच में भी रिजर्वेशन करवाना अनिवार्य हो गया था। इसकी वजह कोरोना की रफ्तार थामने के लिए भीड़ को नियंत्रित करना, लेकिन अब संक्रमण कम होने और देशभर में चले वैक्सीनेशन अभियान के बाद रेलवे यात्रियों के लिए अनारक्षित टिकट पर यात्रा करने की सुविधा को 8 नवंबर से फिर बहाल कर रहा है। जबलपुर रेलवे मंडल ने अपनी सीमा के भीतर चलने वाली विंध्याचल एक्सप्रेस, इंटरसिटी और शटल के जनरल (सामान्य) कोच में बिना रिजर्वेशन यात्रा की अनुमति दे दी है। 8 नवंबर से जबलपुर रेलवे मंडल की आधा दर्जन यात्री ट्रेनों में यह राहत दी जा रही है।


## कार्यालय कार्यपालन यत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र 1 जबलपुर

निविदा सूचना क्र 17 वर्ष 2021-22 एस ए सी जबलपुर दिनांक 01.11.2001

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई टेन्डरिंग के माध्यम से निलिखित कार्यों की निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर आनलाईन भुगतान कर वेबसाईड के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. | ई टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ई एम डी टेन्डर फीस एवं निविदा से संबंधित अन्य अभिलेख जमा करने हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2021_PWDR BBR_2021 _165249 | मार्ग उपसभाग के अतर्गत कुडम सेक्शन के तहत आने वाले आवासीय/गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई पेंटिगएवं मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 5.00 | 10000.00 | 2000.00 | 4 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 2 | 2021_PWDR BBR_2021 _165252 | परफार्मेंस गांरटी के तहत पनागर सिंग्लद्वीप मझौली मार्ग के कि मी 1 से 29 में रिपेयरिंग का कार्य। (अनुबंध क्र 31 डी एल 17-18 मेसर्स कृष्णा। | प्रथम | 10.00 | 20000.00 | 2000.00 | 6 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 3 | 2021_PWDR BBR_2021 _165253 | इंजिनियरिंग कालेज जबलपुर में ट्रस निर्माण, रुम रुफिग एवं विभित्र निर्माण कार्य | प्रथम | 102.00 | 102000.00 | 12500.00 | 10 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 4 | 2021_PWDR BBR_2021 _165254 | इजिनियरिंग कालेज जबलपुर में रूम हाल टायलेट प्रशासनिक भवन सिविल डिपार्टमेंट एवं टेलीकम्यूमनिकेशन डिर्पाटमेंट में निर्माण कार्य | प्रथम | 105.00 | 105000.00 | 12500.00 | 10 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 5 | 2021_PWDR BBR_2021 _165255 | भूलन से एम आर 4 मार्ग का निर्माण कार्य | प्रथम | 89.04 | 89100.00 | 10000.00 | 10 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 6 | 2021_PWDR BBR_2021 _165256 | कलेक्टेट सेक्शन के तहत कलेक्टेट बिल्डिंग में रिपेयरिंग /रेनोवेशन/मरम्मत एवं अन्य महत्तवपूर्ण कार्य तथा जनसुनवाई कक्ष एवं पंन्टी रुम में मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 19.90 | 40000.00 | 2000.00 | 6 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 7 | 2021_PWDR BBR_2021 _165268 | परफार्मेंस गारटी के तहत कटंगी पोला मझौली अभाना बचैया मार्ग के कि मी 1 से 30 में रिपेयरिंग का कार्य (अनुबंध क्र 30 एम डी आर 2016-17 के तहत) | प्रथम | 10.00 | 20000.00 | 2000.00 | 4 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| 8 | 2021_PWDR BBR_2021 _165272 | मु उप संभाग क्र 1 के अतर्गत कटंगी रेस्ट हाउस में व्हाईट वाशिंग कलर वाशिंग अन्य मरम्मत एवं रिपेयर का कार्य | प्रथम | 10.00 | 10000.00 | 2000.00 | 4 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल आनलाईन |
| | | कुल योग | | 330.94 | | | | |

टीपः- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि 02.11.2021 10:30 से अंतिम तिथि 15.11.2021 17.30 बजे तक है। अन्य तिथियाँ एवं विस्तृत विवरण व संशोधन आनलाईन वेब साईड www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नही कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग क्र 1 जबलपुर

जी-18831/21


# कल से कोरोना वैक्सीन की सेकेंड डोज का विशेष अभियान



**जबलपुर।** कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने जिले में सोमवार 8 नवम्बर से विशेष अभियान चलाया जायेगा। करीब पांच हफ्ते के इस अभियान में सभी पात्र व्यक्तियों को वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने वैक्सीनेशन अभियान से जुड़े सभी अधिकारियों की आज शनिवार की शाम वर्चुअल मीटिंग लेकर कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने चलाये जाने वाले अभियान की रणनीति पर चर्चा की। श्री शर्मा ने वर्चुअल मीटिंग जिले के शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने के इस अभियान की सफलता के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इसमें न केवल सभी विभागों की सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी बल्कि जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों, व्यापारी संघों एवं गैर सरकारी संगठनों का सहयोग भी लेना होगा। कलेक्टर ने मीटिंग में कहा कि दूसरी डोज के वैक्सीनेशन के लिए शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में छोटे-छोटे कलस्टर बनाकर अधिकारियों को तैनात किया जाये। साथ ही स्वास्थ्य एवं आंगनबा?ी कार्यकर्ता सहित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में सभी विभागों के मैदानी अमले को हर दिन वैक्सीनेशन का लक्ष्य दिया जाये। श्री शर्मा ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में पदस्थ सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को ड्यू लिस्ट प्रदान करने के निर्देश दिये ताकि वे समय पूरा होने के बाद भी दूसरी डोज नहीं लगवाने वाले व्यक्तियों से संपर्क कर सकें और उन्हें इसके लिए प्रेरित कर सकें।श्री शर्मा ने सेकेंड डोज के वैक्सीनेशन के लिए टीकाकरण केन्द्रों की संख्या ब?ाने के निर्देश भी वर्चुअल मीटिंग में दिये। उन्होंने कहा कि जितने ज्यादा केन्द्र हम बनायेंगे लोगों के उतने नजदीक हम पहुंचेंगे। कलेक्टर ने शासकीय तथा निजी स्कूलों एवं कॉलेजों के शिक्षकों को भी सेकेंड डोज के वैक्सीनेशन के लिए चलाये जाने वाले विशेष अभियान से जो?ने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने विद्यार्थियों के माध्यम से उनके अभिभावकों को सेकेंड डोज लगाने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर ने बैठक में सेकेंड डोज के वैक्सीनेशन के लिए होटल एवं रेस्टारेंट मालिकों, मॉल संचालकों एवं दुकानदारों का भी सहयोग लेने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि होटल, रेस्टारेंट, चाय-पान की दुकानों, किराना दुकानों, मॉल आदि में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति से पूछा जाना चाहिए कि उन्होंने वैक्सीन की दूसरी डोज लगवा ली है या नहीं। श्री शर्मा ने शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों, महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्यों, धान उपार्जन के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों को भी वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने का आग्रह करने बल्क में एसएमएस भेजे जाने की बात कही। वर्चुअल मीटिंग में ग्रामीण क्षेत्र में वैक्सीनेशन के लिए ग्राम पंचायत स्तर की बजाय ग्राम स्तर तक जाकर वैक्सीन लगाने की जरूरत बताई। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में हॉट बाजार और मेला वाले स्थानों पर वैक्सीनेशन सेंटर बनाने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने कहा कि वैक्सीन की सेकेंड डोज लगाने के विशेष अभियान में हमारा लक्ष्य हर सप्ताह कम से कम दो से सवा दो लाख डोज लगाने का होना चाहिए। कोशिश यह होनी चाहिए की हम शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा 31 दिसम्बर के पहले शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने का लक्ष्य हासिल कर लें। उन्होंने पंचायतों के संभावित चुनाव के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्र में वैक्सीनेशन पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शहरी क्षेत्र में भी उन इलाकों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये जहां सेकेंड डोज के वैक्सीनेशन की गति अपेक्षाकृत कम है।श्री शर्मा ने वर्चुअल मीटिंग में सभी शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों से उनका और उनके परिवार के सदस्यों का सेकेंड डोज के वैक्सीनेशन का प्रमाण-पत्र लेने के निर्देश भी बैठक में दिये। वर्चुअल मीटिंग में जिला पंचायत की सीईओ रिजु बाफना सीएमएचओ डॉ. रत्नेश कुररिया, सभी एसडीएम, सभी बीएमओ तथा जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों के अधिकारी जुड़े थे।

### हाट बाजार और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बनायें वैक्सीनेशन सेंटर : कलेक्टर


## पश्चिम मध्य रेल

इंजीनियरिंग विभाग • खुली निविदा
निविदा दिनांकः 01.11.2021

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में **वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर** के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी आर एम डब्ल्यू-जे.बी.पी-120-2021. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः मंडल अभियन्ता (मुख्यालय) जबलपुर उप-मंडल के अंतर्गत तीन विविध कार्य करना (जबलपुर का पार्ट वर्कः जबलपुर कोचिंग डिपो में कोचों के अनुरक्षण के लिए अधोसंरचना सुविधाएं)। भाग-एः जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 (कटनी और इटारसी दोनों छोर पर 3 कोच लंबाई तक) पर कोच वाटरिंग पाइप लाइन का विस्तार पूरी लंबाई में पानी पहुचाने के लिए। पार्ट-बीः जबलपुर स्टेशन पर नवनिर्मित प्लेटफार्म नंबर 1 ए के लिए कोच वाटरिंग पाइप लाइन का निर्माण। भाग-सीः जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3 पर कोच वाटरिंग पाइप लाइन का कैमटेक डिजाइन के अनुसार पूरी लंबाई तक प्रावधान। कार्य का अनुमानित मूल्यः ₹ 94,56,334/-. बयाना राशिः** शून्य। **समापन अवधिः** 18 माह। **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय (15.00 बजे तक): 26.11.2021. निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय (15.15 बजे): 26.11.2021.** उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**कोरोना से बनाना है दूरी तो वैक्सीन लगवाना है जरुरी।**




# एनएलआइयू में दीक्षा समारोह 20 नवंबर को आयोजित होगा

**भोपाल।** राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय (एनएलआइयू) में दीक्षा समारोह 20 नवंबर को परिसर में मनाया जाएगा। दीक्षा समारोह में मध्यप्रदेश के मुख्य न्यायाधीश रवि विजय कुमार मलिमथ शामिल होंगे। दीक्षा समारोह की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दीक्षा समारोह में 185 विद्यार्थियों को एलएलएम, बीएएलएलबी और एमएससीएलआईएस की डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। इसके लिए पंजीयन शुरू हो गए हैं, जो सात नवंबर तक होंगे। कोर्स के दौरान बेस्ट परफारमेंस देने वाले विद्यार्थियों को एनएलआइयू की ओर से 10 गोल्ड व सिल्वर मेडल भी प्रदान किए जाएंगे। दीक्षा समारोह में मेडल्स देने के लिए कमेटी गठित की गई है, जो विद्यार्थियों के प्रोफाइल को जानने-समझने का कार्य रहे हैं। योग्य विद्यार्थियों को मेडल देने की सूची तैयारी की जा रही है। संस्थान इस साल आफलाइन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस बार आफलाइन समारोह में सिर्फ विद्यार्थियों को बुलाया जाएगा। वहीं अभिभावकों को शामिल करने को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं हो पाया है।

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा 11 नवंबर को होगी

एनएलआइयू में पीएचडी प्रवेश परीक्षा 11 नवंबर को होगी। परीक्षा आफलाइन मोड पर होगी। परीक्षा में शामिल होने के लिये 60 विद्यार्थियों ने आवेदन किए हैं, जबकि एनएलआइयू में पीएचडी की सिर्फ आठ सीटें हैं, जिसमें प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों में काफी मशक्कत करना होगा। प्रवेश परीक्षा में बाहरी राज्यों विद्यार्थी भी शामिल होंगे। वर्तमान में कोरोना संक्रमण का संकट खत्म नहीं हुआ है, इसलिए एनएलआइयू बाहरी विद्यार्थियों की यातायात की समस्या को देखते हुए बाहरी शहरों में परीक्षा कराने के लिए परीक्षा केंद्रों की तलाश कर रहा है। इसके लिए कमेटी विचार विमर्श कर कुलपति वीरभद्र विजयकुमार के सामने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद परीक्षा केंद्रों का लेकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। पीएचडी की आठ सीटों के लिए सात से आठ विद्यार्थियों के बीच रस्साकशी होगी। परीक्षा की तैयारी हो चुकी है। परीक्षा केंद्रों का निराकरण होने के बाद विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे।

-इस बार आफलाइन दीक्षा समारोह मनाया जाएगा। इसके लिए तैयारी चल रही है। मेडल देने के लिए विद्यार्थियों की सूची तैयार की जा रही है।

**वीरभद्र विजय कुमार, कुलपति, एनएलआइयू**

# न शिक्षक मिले न सुविधाएं, अगले सत्र में ही अब शुरू हो पाएंगे सीएम राइज स्कूल

**भोपाल ।** राज्य सरकार के सबसे बेहतर और सर्व सुविधायुक्त सीएम राइज स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ने एवं केजी-नर्सरी कक्षाओं में दाखिले का सपना देख रहे विद्यार्थियों को अभी इंतजार करना पड़ेगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने 350 स्कूलों का चयन तो कर लिया है, पर बताई गई सुविधाओं के साथ पढ़ाई अगले सत्र से ही शुरू हो पाएगी। फिलहाल शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। विभाग का दावा है कि इसी माह शिक्षकों का चयन कर लिया जाएगा और इसके बाद चयनित स्कूलों में पढ़ाई भी शुरू हो जाएगी, पर अन्य सुविधाओं के लिए तो इंतजार करना ही पड़ेगा। सरकार अक्टूबर 2021 से सीएम राइज स्कूल शुरू करने का दावा कर रही थी, पर शिक्षकों की चयन प्रक्रिया में देरी के चलते ये स्कूल शुरू नहीं किए जा सके। हालांकि विभाग का कहना है कि स्कूल चालू हो गए हैं। विभाग चयनित स्कूलों में शैक्षणिक सत्र के साथ शुरू हुई पढ़ाई को ही सीएम राइज की पढ़ाई मानकर चल रहा है।जबकि सीएम राइज की पढ़ाई का मतलब केजी-नर्सरी कक्षाएं, अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई, स्मार्ट क्लास और इन स्कूलों के लिए चयनित शिक्षकों द्वारा पढ़ाई कराने की सुविधा है। इनमें से अभी एक भी काम पूरा नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में नौ हजार दो सौ स्कूलों का चयन सीएम राइज स्कूल के रूप में हुआ है। इनमें से 350 स्कूलों को पहले चरण में सुविधा संपन्न् किया जा रहा है।




सरकार प्रत्येक स्कूल पर करीब 20 करोड़ रुपये खर्च करेगी। जिनमें अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखकर सुविधाएं दी जाएंगी। 21 हजार शिक्षकों की परीक्षा 21 को = अब विभाग कह रहा है कि शिक्षकों का चयन इसी माह कर लिया जाएगा। करीब 21 हजार शिक्षकों ने इन स्कूलों में पढ़ाने की इच्छा जताई है। जिन्हें 21 नवंबर को परीक्षा देनी होगी। यदि वे पास होते हैं, तो अगले माह से उस स्कूल में पढ़ाना शुरू करेंगे, जिसके लिए उनका चयन हुआ है। तब चयनित स्कूलों के विद्यार्थियों को सीएम राइज स्कूल की पहली सुविधा मिलनी शुरू होगी।वर्ष 2023 में मिलेंगी सभी सुविधाएं = मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले सीएम राइज स्कूलों में वर्ष 2023 से सभी सुविधाएं मिल पाएंगी। विभाग ने हाल ही में वास्तुविदों का सम्मेलन किया है। उनसे स्कूलों की डिजाइन मांगी गई है, जो दो से तीन माह में मिलेगी। इसके बाद चयनित स्कूलों में सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण शुरू होगा। जिसे डेढ़ साल में पूरा करने का लक्ष्य है। इससे माना जा रहा है कि वर्ष 2023 में विद्यार्थी सर्व सुविधायुक्त भवनों में बैठकर पढ़ाई कर पाएंगे।इन स्कूलों को मिले 30 फीसद शिक्षक = विभाग ने हाल ही में करीब 20 हजार शिक्षक नियुक्त किए हैं। इनमें से अधिकांश शिक्षकों को इन्हीं स्कूलों में पदस्थ किया गया है। इस तरह जरूरत के 30 फीसद शिक्षक इन स्कूलों में पहुंच गए हैं। प्राचार्य और उप प्राचार्य के लिए भी 10 नवंबर तक आवेदन मांगे हैं। उनका चयन भी अगले माह तक हो जाएगा। विभाग ने इन स्कूलों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार कर जारी कर दी है।

### सीएम राइज स्कूलों की विशेषता

जानकारी के मुताबिक सीएम राइज स्कूलों में 10 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले छात्र-छात्राओं को पढ़ाया जाएगा। ये स्कूल संकुल, विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर रहेंगे। संभाग स्तरीय स्कूल में स्वीमिंग पूल, लाइब्रेरी, इनडोर-आउटडोर खेलकूद, बच्चों के लिए परिवहन, प्रयोगशालाएं, स्मार्ट कक्षाएं, कला और संगीत कक्षाओं सहित अन्य सुविधाएं होंगी।

# बारहसिंगा को रास नहीं आया भोपाल का वन विहार

**भोपाल।** वन विहार नेशनल पार्क में हार्ड ग्राउंड प्रजाति के बारहसिंगा को बसाने के प्रयास किए गए थे, जो पूरी तरह सफल नहीं रहे हैं। यहां बारहसिंगा का कुनबा बढ़ने की बजाय घट गया है। 2015 में इन्हें कान्हा टाइगर रिजर्व से पार्क लाया गया था। 2019 में इनका कुनबा बढ़कर 14 का हो गया था। अब इनकी संख?या घटकर 10 रह गई है। चार बारहसिंगा की मौत हुई है। इन्हें पूर्व में बाड़े में रखा जा रहा था। अब पार्क के अंदर इन-?हें खुले में छोड़ा है, तब भी कुनबा नहीं बढ़ पाया है।विशेषज्ञों के मुताबिक पार्क के अंदर का वातावरण इन्हें रास नहीं आया है। अब आगे कभी भी वन विहार में इनका कुनबा बढ़ाने के प्रयास नहीं किए जाएंगे। ये संकटग्रस्त बारहसिंगा हैं, जो कान्हा टाइगर रिजर्व में ही प्राकृतिक रूप से मिलते हैं। 2015 में इन्हें वन विहार नेशनल पार्क और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) होशंगाबाद में शिफ्ट किया गया था। एसटीआर में इनके कुनबे में बढ़ोतरी हुई है। जिसके देखते हुए यहां फरवरी 2022 में और 20 बारहसिंगा शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है।बारहसिंगा की यह प्रजाति पथरीले और पहाड़ी जंगल में जीवन-यापन करने में सक्षम होती है। इनकी त्वचा अधिक चमकीली और आकर्षक होती है। आमतौर पर बारहसिंगा मैदानी और दलदली जमीन में पाए जाते हैं, लेकिन हार्ड ग्राउंड प्रजाति पहाड़ी जंगल में भी जीवन यापन करती है। बाघ संरक्षण पर काम करने वाले पुष्पेंद्र द्विवेदी बताते हैं कि 1970 के दशक में कान्हा टाइगर रिजर्व में केवल 60 से 70 बारहसिंगा बचे थे। उसके पूर्व यह संख्या हजारों में थी। वन विभाग ने काफी अध्ययन कराया लेकिन पता नहीं चल पाया कि आखिरकार बारहसिंगा इतनी तेजी से विलुप्ति की स्थिति में क्यों पहुंचे। इन पर संकट देख वन्यप्राणी विभाग ने तय किया कि इन्हें एक से अधिक स्थान पर रखा जाए, ताकि एक स्थान पर रह रहे वन्यप्राणियों पर संकट की स्थिति बनती है तो दूसरे स्थान पर वे सुरक्षित रह सकें। तभी से बारहसिंगा के लिए प्रदेश के जंगलों में दूसरे रहवास स्थलों की खोज की जा रही थी। आखिरकार 2015 में इन्हें एसटीआर और वन विहार नेशनल पार्क में शिफ्ट किया गया था।



# मत्स्य सहकारी समितियों की होगी जांच

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने मत्स्य सहकारी समितियों के माध्यम से तालाबों के ठेके देने की व्यवस्था लागू की है। समिति में स्थानीय व्यक्तियों और मछुआरों को ही सदस्य बनाया जा सकता है, लेकिन इनमें बाहरी व्यक्तियों के शामिल होकर ठेकेदारी करने की शिकायतें मिल रही हैं। इसके मद्देनजर अब प्रदेश की सभी समितियों की जांच कराई जाएगी। इसमें बाहरी व्यक्ति के शामिल होने पर उसे समिति से बाहर किया जाएगा। साथ ही समिति द्वारा सदस्य बदलने पर भी उसकी पात्रता की जांच सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा की जाएगी। मध्य प्रदेश में ग्रामीण स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार मत्स्य पालन को प्रोत्साहित कर रही है। इसके लिए ग्रामीण तालाब और जलाशय पट्टे पर दिए जाते हैं। अनुसूचित जाति-जनजाति और वंशानुगत मछुआरों को मछली पालने के लिए 10 साल के पट्टे देने का प्रविधान 2020-21 में किया गया है। प्रदेश में 2,462 मत्स्य सहकारी समितियां हैं, जिनसे 91,297 सदस्य जुड़े हुए हैं। इनमें 40 समितियां महिलाओं की हैं, जिनमें 1,622 सदस्य हैं। जल संरचनाएं समितियों को ही पट्टे पर दी जाती हैं। समितियों में बाहरी व्यक्तियों के शामिल होने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। हाल ही में सीहोर के नसरुल्लागंज की समिति को लेकर शिकायत मिली थी। जांच में पाया गया कि कुछ सदस्य बाहर के हैं और वे ही ठेके पर मत्स्य पालन का काम कर रहे हैं। कृषि और सहकारिता विभाग के अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी ने बताया कि शिकायतों को देखते हुए पूरे प्रदेश में मत्स्य सहकारी समितियों की जांच कराने का निर्णय लिया गया है।

### रोजगार का बड़ा जरिया है मत्स्य पालन

मत्स्य पालन प्रदेश में रोजगार का बड़ा जरिया है। इसके माध्यम से सवा चार लाख हेक्टेयर जलक्षेत्र में मछली पालन होता है। 2019-20 में इस क्षेत्र में 233 लाख लाख मानव दिवस रोजगार निर्मित हुए। लगभग यही स्थिति वर्ष 2020- 21 में भी रही। समितियों को अनुदान के साथ मछुआरों को प्रशिक्षण भी दिलाया जा रहा है। 82 हजार से ज्यादा फिशरमैन क्रेडिट कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिन्हें सरकार मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण भी दिला रही है।

# मुख्यमंत्री से रोजगार मांगने भोपाल के नीलम पार्क में 10 नवंबर को आएंगे अतिथि शिक्षक

**भोपाल ।** प्रदेश भर के अतिथि शिक्षक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से रोजगार मांगने के लिए राजधानी में एकजुट होंगे। अतिथि शिक्षक समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुनील सिंह परिहार ने बताया कि अतिथि शिक्षकों के सभी संगठन एकजुट होकर 10 नवंबर से भोपाल के नीलम पार्क में एकत्रित होकर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से सुरक्षित भविष्य की गुहार लगाएंगे। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी जगदीश शास्त्री, अनीता हरचंदानी, अर्जुन सिंह सिकरवार, इंद्रपाल पटेल, रामबाबू मालवीय, मुबारिक खान, सुदामा शर्मा, शिवकुमार सोनी, रविशंकर दहायत ने सभी अतिथि शिक्षकों से भोपाल आने की अपील की है। महागठबंधन के प्रदेश अध्यक्ष शंभु चरण दुबे, केसी पवार, राजेश कामत, बीएम खान, राजू मीणा से भी एक मंच पर आने का अनुरोध किया है ।

### हरियाणा व उत्तराखंड की तरह नीति बनाए सरकार

समिति के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रविकांत गुप्ता और राजकुमार कुशवाह ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार हरियाणा और उत्तराखंड की तरह अतिथि शिक्षकों के हित में नीति बनाकर भविष्य सुरक्षित करें। शिक्षक भर्ती की वजह से और हिंदी, संस्कृत व विज्ञान के अतिथि शिक्षकों की भर्ती ना करने के कारण लगभग 35 हजार लोग वर्तमान सत्र में बेरोजगार हो गए हैं, जबकि कोरोना महामारी से पहले लगभग 70 हजार अतिथि शिक्षक कार्यरत थे। रिक्त पदों पर किसी कारण से बाहर हुए अतिथि शिक्षकों को पुन: अवसर दिया जाए।

### आदेश के बावजूद नहीं मिला मानदेय, फीकी रही दीवाली

अतिथि शिक्षकों को दीपावली से पूर्व मानदेय भुगतान के आदेश लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी किए गए थे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी के कारण हजारों अतिथि शिक्षकों को दीपावली से पहले मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री से आग्रह है कि ऐसे लापरवाह कर्मचारियों पर उचित कार्यवाही करवाएं ताकि सरकार की छवि खराब ना हो। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम से भी सुरक्षित भविष्य की गुहार लगा चुके हैं। गौरतलब है कि भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया अतिथि शिक्षकों के मुद्दे पर सड़क पर उतरे थे। अब उनकी ही सरकार है। प्रदेश के हजारों अतिथि शिक्षक उनसे और मुख्यमंत्री से सुरक्षित भविष्य की आस लगाए हुए हैं। उम्मीद है कि 10 नवंबर को अतिथि शिक्षकों के बीच उपस्थित होकर अतिथि शिक्षकों की पीड़ा को समझेंगे और नीति बनवाकर भविष्य सुरक्षित करवाएंगे ।






# राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कालेज में प्रवेश के लिए परीक्षा 18 दिसंबर को आयोजित होगी

**भोपाल ।** राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कालेज, देहरादून में प्रवेश के लिए 18 दिसंबर को परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह कालेज 1922 में स्थापित हुआ, जिसका प्रमुख उद्देश्य भारत की तीनों सेनाओं में छात्रों को पूर्ण से तैयार करके राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में अग्रिम प्रशिक्षण के लिए भेजना है। राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कालेज में आठवीं कक्षा में प्रवेश पाने के लिए विद्यार्थी आवेदन करने के लिए पात्र होंगे। जुलाई 2022 के सत्र में प्रवेश के लिए परीक्षा देश के चुनिंदा स्थानों पर 18 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए विद्यार्थियों की आयु सीमा जुलाई 2022 सत्र में प्रवेश पाने के लिए विद्यार्थी का उम्र एक जुलाई 2022 को साढ़े 11 वर्ष से कम और 13 वर्ष से अधिक नहीं होनी चहिए। विद्यार्थी का जन्म दो जुलाई 2009 से पहले एक जनवरी 2011 के बाद नहीं होना चाहिए। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन पत्र राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कालेज के वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

### लिखित व मौखिक परीक्षा के आधार पर चयन होगा

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कालेज में आठवीं कक्षा में चयन के लिए विद्यार्थी को लिखित और मौखिक दो परीक्षा के आधार पर चयन होगा। इसमें गणित का पेपर 9.30 से 11 बजे तक, सामान्य ज्ञान दोपहर 12 से 1 बजे तक और अंग्रेजी 2.30 से 4.30 बजे तक आयोजित होगा। मौखिक परीक्षा की तारीख बाद में घोषित की जाएगी, जिसमें विद्यार्थी के बौद्धिक ज्ञान एवं व्यक्तिव परीक्षण होगा। मौखिक परीक्षा केवल उन्हीं उम्मीदवारों का होगा, जो लिखित परीक्षा में पास होंगे। प्रत्येक विषय के प्रश्न पत्र एवं साक्षात्कार में उत्तीर्ण होने के लिए कम से कम 50 फीसद अंक प्राप्त करने होंगे। साक्षात्कार की सूचना मार्च 2022 में घोषित किया जाएग। इसके अलावा स्वास्थ्य परीक्षा भी होगा।

# इंदौर में हर साल 50 हजार लोगों की जांच होगी, बताएंगे कि आपको कैंसर है या नहीं




**इंदौर।** 90 फीसद से ज्यादा लोगों को कैंसर की बीमारी की प्रारंभिक पहचान नहीं होती है और जब स्थिति काफी गंभीर हो जाती है तब वे चिकित्सक के पास पहुंचते हैं। उस समय उन्हें पता चलता है कि उन्हें दूसरे या तीसरे स्तर का कैंसर है। शहरवासियों में कैंसर के प्रति जागरुता फैलाने व प्रारंभिक स्तर में पहचान के लिए कैंसर सोसायटी आफ मप्र द्वारा शहर में चार केंद्र नवंबर तक शुरू करने की योजना है। आम लोगों में रक्त, मुंह, बच्चेदानी, स्तन व फेफड़ों के कैंसर के लिए जांच व निदान के निऻशुल्क केंद्र शुरू किए जाएंगे। इन केंद्रों पर कैंसर संबंधित जेनेटिक व सूक्ष्म जांचें भी की जाएगी। कैंसर सोसायटी आफ मप्र के मानद सचिव डा. एसएस नैय्यर के मुताबिक इस प्रयास से शहर के चार केंद्रों पर आम लोगों की शुरुआती जांच में ही उन्हें कैंसर है या नहीं, यह बता दिया जाएगा। हर महीने एक केंद्र पर करीब एक हजार लोगों की जांच की जाएगी।

इस तरह सालभर में करीब 50 हजार लोगों की जांच निऻशुल्क करने का लक्ष्य रखा गया है। इन केंद्रों पर कैंसर विशेषज्ञ चिकित्सक भी जांच करने वाली टीम रहेगी, जो लोगों का चिकित्सकीय परीक्षण भी करेगी। जेनेटिक स्तर की अतिविशिष्ठ जांचों को रियायती दरों पर किया जाएगा।

### इन चार स्थानों पर होंगी कैंसर स्क्रीनिंग

- गीता भवन चौराहे स्थित बाडी स्कैन लैब
- गीता भवन अस्पताल
- ज्योतिर्मय योग केंद्र, बंगाली चौराहा
- गुरु हरकिशन स्वास्थ्य केंद्र, संतनगर

प्रारंभिक अवस्था में पहचाने जाने पर 70 फीसद तक कैंसर के मरीज ठीक हो सकते है इंदौर में हर वर्ष पांच से छह हजार कैंसर के नए मरीज आते है। इंदौर में सरकारी क्षेत्र के ऐसे कैंसर अस्पताल की जरुरत है जहां आधुनिक इलाज की सुविधाएं उपलब्ध हो। एमवायएच के शासकीय कैंसर अस्पताल में अभी पुराने टाइप की मशीन से मरीजों का उपचार हो रहा जबकि वहां लीनियर एक्सीलरेटर की जरुरत है। कैंसर की बीमारी में यदि कोई मरीज आरंभिक अव्यवस्था में आता है तो 60 से 70 प्रतिशत तक ठीक हो सकता है। बच्चेदानी के मुंह का कैंसर यदि प्रारंभिक अवस्था में पहचाना जाए तो 95 फीसद तक ठीक हो सकता है। यही वजह है कि मरीजों की स्क्रीनिंग के लिए शहर में यह सुविधा शुरू की जा रही है।

**डा. एमएस गुजराल, संस्थापक कैंसर सोसायटी मप्र**

# भेल में डाक्टर दंपती के घर से 25 लाख की चोरी

**भोपाल।** डाक्टर दंपती के सूने मकान से अज्ञातल लोग 13 लाख सहित करीब 25 लाख का सामान ले भागे। दंपती दीपावली पर मां से मिलने विदिशा गए थे। यह मामला गोविंदपुरा थाना इलाके का है। डाक्टर की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक बंगला नंबर सी-एच-18 सेक्टर-ए बरखेड़ा , भेल में रहने वाले डाक्टर आशुतोष सिंह (55) पिता स्व. डा. प्रीतम सिंह जवाहर चौक पर प्रायवेट प्रैक्टिस करते हैं। उनकी पत्नी डा. आरती सिंह भेल में एजीएम, स्वास्थ्य हैं। आशुतोष सिंह ने पुलिस को बताया कि चार नवंबर की दोपहर करीब एक बजे पत्नी, बेटे के साथ विदिशा में अपनी मां से मिलने चले गए। रात करीब 10ः30 बजे वापस पहुंचे। अंदर गए, तो देखा कि बेडरूम में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी भी खुली थी। शयनकक्ष में लगी खिड़की की ग्रिल उखड़ी हुई थी। सामान चेक करने पर पाया कि अलमारी में से करीब 12-13 लाख रुपये, सोने की छह चूडियां, 10 सोने के सिक्के , छह सोने की अंगूठी, चांदी के 20 सिक्के ,दो-तीन चांदी की थाली गायब मिलीं।

### घर के आस पास नहीं लगे हैं सीसीटीवी

डाक्टर दंपत्ति के मकान के आसपास सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगे हैं। आसपास के कुछ मकान भी खाली पड़े हैं। उनके मकान में सुरक्षा गार्ड भी नहीं था। पुलिस को आशंका है कि बदमाशों ने वारदात को दिन में ही अंजाम दिया है। पुलिस मुख्य सड़कों पर लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगालने में जुटी है।

# मध्य प्रदेश में एक सप्ताह बाद पड़ने लगेगी कड़ाके की ठंड

**भोपाल ।** वर्तमान में कोई वेदर सिस्टम सक्रिय नहीं है। हवाओं का रुख भी उत्तरी, उत्तर-पूर्वी होने लगा है। इसके चलते रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक नौ नवंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में प्रवेश करने की संभावना है। इसके प्रभाव से हवाओं का रुख बदलने से तापमान में मामूली बढ़ोतरी होने लगेगी। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने पर एक बार फिर उत्तर भारत से सर्द हवाएं चलने लगेंगी। इससे 15 नवंबर के आसपास पूरे प्रदेश में रात के तापमान में तेजी से गिरावट आने की संभावना है।मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि फिलहाल कोई वेदर सिस्टम मौजूद नहीं है। हालांकि अरब सागर में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण आ रही नमी से दो से तीन किलोमीटर की ऊंचाई पर आंशिक बादल बने हुए हैं। बादलों के काफी ऊंचाई पर बने रहने से वर्तमान में मौसम के मिजाज पर कोई असर नहीं पड़ रहा है।

शुक्ला के मुताबिक अभी दो दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहेगा। नौ नवंबर के आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंचने की संभावना है। इससे हवाओं का रुख बदलने से न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी हाने लगेगी। हालांकि इस सिस्टम की आवृति काफी कमजोर है। इसके चलते उत्तर भारत में बर्फबारी होने की संभावना कम है। एक-दो दिन सक्रिय रहने के बाद यह सिस्टम आगे गुजर जाएगा। इसके बाद फिर हवाओं का रुख उत्तरी होने से एक बार फिर न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट होने की संभावना है। 15 नवंबर से मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ने की शुरूआत भी हो सकती है।

# गोपाष्टमी पर गाय, गुरु और गोविंद की पूजा से बढ़ेगी धन समृद्धि

**ग्वालियर ।** अष्टमी तिथि का प्रारंभ 11 नवंबर दिन गुरुवार सुबह 6ः49 से होकर 12 नवंबर दिन शुक्रवार सुबह 5ः50 तक रहेगा। हिंदू संस्कृति में गाय का विशेष स्थान है और गाय को मां का दर्जा भी प्राप्त है। गाय की रक्षा करने के कारण भगवान श्री कृष्ण का अति प्रिय नाम गोविंद पड़ा। कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा से सप्तमी तक गाय, गोप ,गोपियों की रक्षा के लिए भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को धारण किया था। इसी समय से अष्टमी को गोपाष्टमी का पर्व मनाया जाने लगा।बालाजी धाम काली माता मंदिर के ज्योतिषाचार्य सतीश सोनी के अनुसार गोपाष्टमी का उल्लेख निर्णयामृत एवं कूर्मपुराण तथा भविष्य पुराण में मिलता है। कार्तिक मास शुक्ल पक्ष अष्टमी 11 नवंबर गुरुवार को परंपरागत ढंग से गोपाष्टमी के रूप में मनाई जाएगी। इस दिन गाय ,गुरु और गोविंद की पूजा करने से सुख समृद्धि की वृद्धि होगी। साथ ही जन्मपत्री में पितृदोष तथा पीड़ित ग्रह दोषों से भी मुक्ति मिलेगी। दीपावली के बाद गोपाष्टमी का त्योहार मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं में यह पर्व गोवर्धन पर्वत से जुड़ा है। श्रीकृष्ण ने गौ चर लीला इसी दिन से प्रारंभ की थी। श्री कृष्ण ने जब माता यशोदा से गो सेवा की इच्छा व्यक्त की तो माता यशोदा ने उन्हें अनुमति नहीं दी, लेकिन बालकृष्ण के हठ के कारण उन्होंने शांडिल ऋषि से मुहूर्त निकलवाया। कार्तिक शुक्ल की अष्टमी तिथि का मुहूर्त निकला और तभी से गोपाष्टमी का पर्व मनाया जाने लगा। वैसे तो हिंदू परिवारों में हर रोज ही पहली रोटी गाय को खिलाने की परंपरा है, लेकिन गोपाष्टमी को गौ पूजन का विशेष महत्व होता है। गोपाष्टमी पर गुरु, गोविंद और गाय की पूजा के साथ गौरक्षक ग्वाला को भी तिलक लगाकर मीठा खिलाया जाता है। वहीं जो बहनें भाई दूज के पर्व पर अपने भाई को किसी कारण से तिलक नहीं कर पाती तो वह इस दिन भाई को तिलक कर सकती हैं।ड्ड कैसे करें गोपाष्टमी पर पूजनः इस दिन गाय ,बैल और बछड़ों को स्नान कराकर उन्हें सीप से बने आभूषण पहनाए जाते हैं। उनके सीगो को रंगों से रंगा जाता है। हरा चारा और गुड़ खिलाकर आरती करते हुए उनके पैर छूए जाते हैं। फिर गो माता की परिक्रमा की जाती है। माना जाता है कि गाय में 33 कोटि देवताओं का वास होता है। इसलिए गो पूजा और सेवा से समस्त भगवान प्रसन्न होते हैं। गाय के उपासक को धन धान्य और सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है और परिवार में लक्ष्मी का वास होता है।



# हम हैं न फाउण्डेशन की पहल खुशी से जरूरतमंदों के खिले चेहरे

## दीपावली मनाने दिया खुशियों से भरा गिफ्ट, वर्षों से की जा रही है दीनों की सेवा

**जबलपुर।** देश व समाज सेवा के लिए समर्पित भाव से काम करने वाली सामाजिक संस्था हम हैं न फाउण्डेशन के द्वारा निरंतर पीड़ित मानवता की सेवा को चरितार्थ करने का काम किया जा रहा है और समाज के हर वर्ग व देश सेवा से जुड़े विषयों में काम कर जनजागृति फैलाई जा रही है। इसी क्रम में खुले आसमान के नीचे सड़क, फुटपाथ, मैदान, दुकानों की शटर आदि के नीचे सोने वाले तमाम प्रत्येक जरूरतमंद जो अपना कोई भी त्यौहार नहीं मना पाते हैं, उनको दीपावली का त्यौहार मनाने के लिए हम हैं न फाउण्डेशन ने अपनी पहल खुशी के तहत खुशियों से भरा हुआ उन्हें पैकेट उपलब्ध करवाए जाने का काम किया गया। हम हैं न फाउण्डेशन के सदस्यों ने बताया कि उनके द्वारा एक दूसरे से सहयोग प्राप्त कर अपनी पहल खुशी के तहत त्यौहार के पूर्व खुशियों से भरा हुआ पैकेट तैयार करवाया गया। जिसमें बच्चों के लिए फुलझड़ी, पटक बम, मिठाईयां, नमकीन, बूंदी, बिस्किट, चॉकलेट, लैया-चिक्की, दीया, मैगी आदि कई सामग्री रखकर उन्हें वितरित किया गय, ताकि तमाम जरूरतमंद अपनी भी दीपावली मना सकें।

### अस्पताल में जाकर पीड़ितों को बांटी खुशियां

हम हैं न फाउण्डेशन के द्वारा अपनी पहल खुशी के तहत जिला चिकित्सालय विक्टोरिया के बच्चा व कुपोषण वार्ड में पहुंचकर थैलेसीमिया, सिकिलसेन, कुपोषण व अन्य बीमारियों से पीड़ित मासूम बच्चों को खुशियों से भरा हुआ पैकेटों का वितरण किया गया। इस मौके पर फाउण्डेशन के सदस्यों के द्वारा बीमारी से पीड़ित बच्चों के साथ दीपावली भी मनाई गई और उन्हें कुछ पल के लिए खुशियां देने का भी प्रयास किया गया। इसके अलावा एल्गिन अस्पताल में भी पहुंचकर गर्भवती महिलाएं जो उपचार के चलते दीपावली में अस्पताल में ही भर्ती थी, उनके बीच में पहुंचकर उन्हें भी खुशियों से भरा पैकेटों का वितरण किया गया। इस मौके पर हम हैं न फाउण्डेशन के सदस्यों ने रक्तदान-महादान का संदेश देते हुए थैलेसीमिया की बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए शादी से पहले थैलेसीमिया की जांच को अनिवार्य करवाए जाने की भी अपील सभी वर्ग से की।

**फाउण्डेशन ने सैकड़ों वर्गो के चेहरों की मुस्कान बनने का किया काम**

### घूम-घूम बांटे पैकेट, ताकि सबको मिल सके खुशियां

हम हैं न फाउण्डेशन के सदस्यों के द्वारा जबलपुर शहर के सभी क्षेत्रों की प्रमुख सड़कों में घूम-घूम कर खुशियों से भरा हुआ पैकेटों का वितरण किया। जिसमें दीनदयाल चौक, विजय नगर, आईटीआई, करमेता, उखरी, एमआरफोर रोड़, गढ़ा, संजीवनी नगर, मेडिकल, बाजनामठ, शास्त्रीनगर, तिलवाराघाट, सिहोरा, मझौली, पनागर, रांझी, महाराजपुर, अधारताल, ग्वारीघाट, कृषि उपज मण्डी, दमोहनाका, रानीताल, भेड़ाघाट, शहनाई मैरिज गार्डन शताब्दीपुरम, रानीताल तालाब के समीप स्थित बस्ती, कठोंदा बस्ती सहित अन्य कई क्षेत्रों में हम हैं न फाउण्डेशन के टीम के द्वारा सड़कों पर घूम-घूमकर प्रत्येक जरूरतमंदों को खुशियों से भरा हुआ पैकेटों का वितरण किया। इसके अलावा सिविक सेन्टर स्थित ट्रिपल टाईम हॉल में जरूरतमंद बच्चों को बुलवाकर खुशियों से भरे पैकेट के साथ नए वस्त्र भी दिए गए।

# जबलपुर के मटर को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय पहचान - कमल पटेल

**जबलपुर। जबलपुर के मटर की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रांडिंग हो और इसका लाभ यहाँ के स्थानीय किसानो को मिले साथ ही कृषि को लाभ का धंधा बनाया जाए इसके लिए प्रदेश सरकार कार्य कर रही है और इस हेतु एक जिला- एक उत्पाद की योजना शासन ने लागू की है यह बात मप्र के कृषि मंत्री कमल पटेल ने जबलपुर प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही।**



कृषि मंत्री श्री पटेल ने बताया कि जबलपुर में हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल का यहाँ की कृषि उत्पादन को देखने के उद्देश्य से आगमन हुआ है इसी तारतम्य में जबलपुर आना हुआ है। कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में हमने प्रदेश में एक जिला -एक उत्पाद की योजना लागू की जिससे एक ओर उस जिले के उत्पाद को देश और दुनिया मे पहचान मिलेगी वही दूसरी ओर किसान जो एमएसपी की बात करता था अब एमआरपी पर अपना उत्पाद बेचेगा साथ ही उस उत्पाद के लिए गांव गांव में प्रोसेसिंग यूनिट लगाई जाएगी जिससे किसान स्वयं की फसल उगाएगा, स्वयं प्रोसेसिंग करेगा और उसकी ब्रांडिंग सरकार करेगी और वह देश विदेश में अपना उत्पाद बेच सकेगा। उन्होंने कहा हमारे प्रदेश का उत्पादन बहुत अच्छा है और जबलपुर में भी किसान अच्छा उत्पादन करते है परन्तु देखने मे आ रहा है कि अधिक उत्पादन के चक्कर मे हम हमारी जमीन की गुणवत्ता कम कर रहे है और अत्यधिक उर्वरको और रासायनिक खाद का इस्तेमाल से जमीन के साथ साथ शरीर का भी नुकसान हो रहा है इसीलिए हम जैविक खेती को ब?ावा देने का प्रयास कर रहे है और इसके लिए शासन स्तर पर योजना भी बनाई जा रही है साथ ही इसके लिए किसानों को भी प्रशिक्षण देने का कार्य सरकार द्वारा किया जाएगा जिससे किसान के मन में जैविक खेती को लेकर जो भी भ्रांतियां है वह दूर हो सके साथ ही हमारे जो आदिवासी बाहुल्य जिले है जिनमे मंडला, डिंडोरी, शहडोल, छिंदवाड़ा, झाबुआ, अनूपपुर आदि है उसकी मिट्टी बाय डिफाल्ट जैविक है किंतु उनका प्रमाणीकरण नही होने से किसानों को फायदा नही मिलता है और इस हेतु हमने तय किया है कि हम इसका जैविक प्रमाणीकरण करेंगे जिसके बाद वहाँ के उत्पाद की ब्रांडिंग सरकार के द्वारा करने के बाद उसे बेचा जा सकेगा जिसका सीधा लाभ किसानो को मिलेगा। इसी के साथ हमने तय किया है कि हर जिले में एक फार्म में हम सुदर्शन वाटिका बनाएंगे जिसमे जैविक कृषि पर आधारित उत्पाद किया जाएगा और इसे क्षेत्र के किसानो को दिखाया जाएगा जिससे जैविक खेती की ओर किसान अग्रसर हो सके। श्री पटेल ने कहा कांग्रेस ने महात्मा गांधी के नाम पर 60 वर्षो तक शासन किया किन्तु गाँधीवादी द्रष्टिकोण हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपनाया और जिस तरह गांधी जी का कहना था कि भारत की आत्मा गांवो में बसती है उसी तरह मोदी जी ने भी गांव और ग्रामीणों के विकास हेतु योजनाओ को लागू किया और देश में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना लागू की है जिसमें गांव हर गांव में लोगो को अब अपनी प्लाट के कागजात मिलेंगे और इसी योजना के अंतर्गत हमारे देश का पहला जिला हमारे प्रदेश का हरदा जिला है जिसमे शत प्रतिशत मालिकाना हक के दस्तावेज दिए है यहाँ 402 गांवो के 25 हजार लोगों को उनके प्लाट या जमीन के कागजात दिए गये और अब इसी योजना से प्रदेश के सभी गांवों में उन लोगो को जमीन के कागजात दिए जायेंगे जिनके पास अभी मालिकाना हक के कागज नही थे, इससे उनकी जमीन के दाम भी बढ़ेंगे और उससे उन्हें ऋण आदि की सुविधा भी मिलेगी। श्री पटेल ने कहा आदि शंकराचार्य जी ने चारो दिशाओ को एक सूत्र में जो?ते हुए जिस एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना की थी उसे साकार करने का संकल्प लेकर हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने विगत दिवस केदारनाथ धाम में विकास कार्यो हेतु ब?ी परियोजनाओं की शुरूआत की है इस कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के सभी महादेव मंदिरो में हमारे जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं द्वारा पूजन अर्चन किया गया यह देश की संस्कृति को दर्शाता है। इस दौरान विधायक सुशील तिवारी इंदु, जिले के प्रवक्ता रविन्द्र पचौरी उपस्थित थे।



# 105 वर्ष से निभा रहे भाई दूज की परंपरा

**बरगी नगर।** अपनी गंगा जमुनी तहजीब की परंपरा का निर्वहन करते हुए 100 वर्ष से भी अधिक की परंपरा को समेटे हुए मनकेडी ग्राम का मुस्लिम मालगुजार परिवार आज भी प्रसांगिक और आपसी प्रेम भाईचारे के सटीक उदाहरण के रूप में क्षेत्र में जाना जाता है द्य

बरगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मनकेडी के ग्राम प्रमुख हफीज मालगुजार ने जानकारी देते हुए बताया कि भाई दूज के अवसर पर उनके आजा पुरखों स्वर्गीय खुदा बख्श तथा स्वर्गीय शेख अहमद मालगुजार के समय की परंपरा का निर्वहन आज भी उनका परिवार कर रहा है भाई दूज को ग्राम में चंडी मड़ई मेले का आयोजन इस वर्ष भी 105 वे साल के रूप मनकेडी में मनाया जाएगा

### 1 सप्ताह पूर्व होती हैं तैयारियां

मालगुजार परिवार के फिरोज खान तथा अफरोज खान ने बताया कि भाई दूज कि चंडी मड़ई के लिए आसपास के दर्जनभर से अधिक ग्रामों मनकेडी, हरदुली, बिजोरा, रीमा, चौरई, नयागांव ,सहजपुरी, टेमर को पारंपरिक हल्दी चावल तथा सुपारी भेजकर निमंत्रित किया जाता है तथा मेला स्थल पर आवश्यक साफ-सफाई तथा साज सज्जा की जाति है

### पीढ़ियां निभा रही परंपरा

मालगुजार परिवार के डॉ शेख राजू खान तथा रफीक खान ने बताया कि भाई दूज वाले दिन शाम 3ः00 बजे चंडी लगने के पूर्व मनकेडी ग्राम की स्थानीय अहिर ग्वाल टोली तथा चंडी माता के पूजन अर्चन के लिए पारंपरिक सामग्री उपलब्ध कराई जाती है साथ ही स्थानीय पहुआ को बतौर स्वागत पान भेजे जाते हैं तत्पश्चात अपने घर से नाचते गाते मृदंग की थाप पर झूमते अहीर नृत्य करते हुए ग्वालटोली मालगुजार के घर पहुंचते हैं वहां से मालगुजार परिवार को अपने साथ लेकर चंडी मेला स्थल तक पहुंचा जाता है जहां पर ग्राम का बैगा तथा मालगुजार परिवार और ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा चंडी माता की पूजा अर्चना की जाती है तथा मडई को ब्याहने के बाद मंच पर सभी एकत्रित होते हैं ।वहां से मालगुजार परिवार के द्वारा सभी आसपास के गांव से आने वाले मेहमान महुआ अहीर ग्वालटोली यों को पान खिला कर स्वागत किया जाता है तथा मनमोहक नृत्य पर ग्राम प्रमुख ग्राम प्रमुख हफीज मालगुजार द्वारा बतौर बख्शीश नगद राशि से पुरस्कृत किया जाता है।

इस अवसर पर ग्राम के सूरज आदिवासी, शाहना आदिवासी, दिमाग प्रसाद ,डोमारी लाल झारिया, संतोष मसराम डोमारी सोनी ,रामाधार, वैशाखु आदिवासी, कृपाल आदिवासी कृष्ण आदिवासी विमल नेताम तथा सभी लोगों के विशेष सहयोग से कार्यक्रम संपन्न होता है

# जरूरत मंदों के बीच जाकर बांटी मिठाई व कपड़े

## सोशल बेलफेयर फाउंडेशन का आयोजन



सिहोरा- दीपावली के दिन जहां सभी लोग अपने अपने घरो मे दीपावली मनाकर खुशियां बाट रहे थे तो वही नगर में नवगठित सोशल बेलफेयर फाउंडेशन द्वारा वार्ड नं 7 आदिवासी टोला पहुँचकर सायं 4 बजे के बाद जरूरत मंद व्यक्तियों के घरों में पहुंचकर उनको मिठाई एवं कपडे बांटे तथा वहीं पर बच्चों के साथ दीवाली मनाई । वेलफेयर के अध्यक्ष सिद्धार्थ गोयल जैन का कहना है कि जो भी लोग सक्षम रहते है वो तो दीपावली का त्यौहार अच्छे ढंग से मना लेते है और जो गरीब रहते है उनको दीपावली मनाने के लिए अनेक परेशानियों का सामना करना पडता है । वहीं फाउंडेशन की श्रृद्धा गोयल का कहना है कि ऐसे ही अनेक समाजिक कार्यो को करने के लिए ही इसका गठन किया गया है जब बच्चों और महिलाओं के बीच मिठाई और कपडे पहुंचे तो उनकी खुशी का ठिकाना नही रहा । इस अवसर पर संरक्षक सुनील जैन,अर्चना जैन,स्तुति खम्परिया,राविल खरया, सियोल जैन, शुभम श्रीवास्तव, मयंक दुबे, अतुल सरोनी, बॉबी सरावगी, विवेक गुप्ता,रिंका यादव, शमीम खान सहित अनेक लोगों ने मिलकर सामग्री का वितरण किया ।

### भागवत कथा की भव्य शोभायात्रा आज

**सिहोरा** - मनसकरा स्थित असाटी भवन में सत्प दिवसीय संगीतमय श्रीमदभागवत कथा का आयोजन दिनांक 6 से 13 नवम्बर तक किया जा रहा है। जिसकी भव्य शोभा कलशयात्रा आज सरावगी मंदिर से दोपहर २ बजे निकाली जायेगी जो काल भैरव चौक, झंडाबाजार ,कटरा मोहल्ला से होते हुए कथा स्थल पहुँचेगी । अंराष्ट्रीय कथा वाचक डॉ. श्री श्याम सुंदर पराशर जी महाराज भक्तों को कथा का रसापान करायेंगें । कलश शोभायात्रा में पहुँचकर पुण्यलाभ प्राप्त करने की अपील आयोजक मण्डल के कैलाश चंद सुधा असाटी, आशालता असाटी, कोमलचंद ,आकाश प्रियंका असाटी, किशन लाल,भागचंद, डॉ.प्रकाश,प्रहलाद अनुष्का असाटी आदि ने की है ।

# आतिशबाजी से जगमगाया आकाश, लोगों ने बांटी मिठाईयां

## जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई दीपावली

**शहडोल।** दीपोत्सव के त्यौहार को लेकर शहर का हर घर रंग बिरंगी रोशनी के साथ सजाया गया था और लोगों में दीपोत्सव को लेकर काफी उत्साह थाद्य सभी लोगों ने अपने घरों को दीपक जलाकर रोशन कर दिया उसके बाद पटाखे चलाएं और यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा पटाखों की धमाकों के साथ ही आसमान भी रंग बिरंगे रोशनी से रोशन हो गया था एक और जहां लोगों ने गले मिलकर दिवाली की बधाई दी तो वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया पर बधाइयों का सिलसिला चलता रहा दीपोत्सव त्योहार के अवसर पर सभी रंग घरों में मनमोहक रंगोली सजाई गई थीद्य गुरुवार को शाम लक्ष्मी पूजा के दिन के घर-घर खाते वही खाते धन-संपत्ति की पूजा हुईद्य त्यौहार मैं सुरक्षा के मद्देनजर चौक चौराहों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे पुलिस द्वारा नजर हर क्षेत्रों में बनाया गया थाद्य जिले के अंतर्गत 25 फड़ में पुलिस द्वारा दबिश दी गई जिसमें 77 जुआरी पर कार्यवाही की गई।

शहडोल के साथ ही सिंहपुर ,खा रहा बुढार ,धनपुरी ,गोहपारू, जैसीनगर, व्यवहारी केशवाही अमलाई आदि क्षेत्रों में अगले दिन यानी शुक्रवार को गायों की पूजा की गई और निरोग रखने भगवान से प्रार्थना की गईद्य

**छठ महापर्व की तैयारी जोरों पर**

भाई दूज के उपरांत अब जिले के अंतर्गत शहडोल ,बुढार ,ओरियंट पेपर मिल, सोडा फैक्ट्री ,अमलाई रेलवे कॉलोनी ,चीप हाउस आदि स्थानों में छठ महापर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता हैद्य हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ महापर्व की तैयारी जोरों पर है और आगामी 11 नवंबर को यह पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगाद्य

### जुआ के अवैध संचालन की निरंतर प्राप्त हो रही षिकायतों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अनूपपुर

**अनूपपुर।** अखिल पटेल के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को इस संबंध में कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। इसी अनुक्रम में समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा विषेष टीम गठित की गई। विगत 02 दिवस में जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं गठित विषेष टीम के द्वारा अवैध जुआ के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये अनूपपुर अनुभाग के थाना कोतवाली में 04 प्रकरण में 21 आरोपियों को गिरफ्तार कर 9,590/-रु जप्त किया गया, थाना चचाई में 06 प्रकरण में 18 आरोपियों को गिरफ्तार कर 9,990/-रु जप्त किया गया, थाना जैतहरी में 08 प्रकरण में 27 आरोपियों को गिरफ्तार कर 7,550/-रु जप्त किया गया, कोतमा अनुभाग के थाना कोतमा में 07 प्रकरण में 24 आरोपियों को गिरफ्तार कर 19,450/-रु जप्त किया गया।

# डीजल और पेट्रोल की कीमतों में मिली राहत डीजल 17 रुपए तो पेट्रोल 11 हुआ सस्ता

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अंतिम सीमा में होने की वजह से अनूपपुर जिले में पेट्रोल और डीजल के दाम अन्य राज्यों की अपेक्षा कहीं अधिक थेद्य जिला मुख्यालय में बीते 3 नवंबर को टोल की कीमत ?121 97 पैसा तो डीजल की कीमत ?110 रुपए के 82 पैसा प्रति लीटर तक रहीद्य 4 नवंबर को दीपोत्सव के अवसर पर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में दाम घटाए गए जिसके कारण लोगों ने राहत की सांस ली हैद्य 4 नवंबर से पेट्रोल के दाम ?110 रुपए 28 पैसे हो गए और डीजल 93 रुपए 68 पैसे प्रति लीटर पर बिकाद्य गौरतलब हो कि अक्टूबर माह में पेट्रोल एवं डीजल में हो रही बढ़ोतरी के कारण लोगों में चिंता की लहर देखने को मिल रही थी और सभी हला कान रहे प्रत्येक सप्ताह कीमतों में वृद्धि होती रही।



**अब मिलेगी महंगाई से राहत** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल अनूपपुर के उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा ने कहा कि दीपोत्सव त्यौहार के अवसर पर यह सरकार का सबसे बड़ा तोहफा है अनूपपुर जिला राज्य की अंतिम सीमा पर स्थित है जिसके कारण पेट्रोल एवं डीजल के दाम अनूपपुर जिले में ही सबसे अधिक रहेद्य डीजल के भाव बढ़ने की वजह से परिवहन की कीमत भी बढ़ जाती है और जिसकी वजह से महंगाई चरम पर पहुंचने लगी थी हमारी अपेक्षा है कि आने वाले दिनों में भी दाम और अधिक गिरेद्य

### महंगाई पर लगेगी लगाम

युवा मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री डॉ राज पांडे ने कहा कि डीजल एवं पेट्रोल के दाम घटने से महंगाई पर लगाम लगेगी और लोगों को राहत मिलेगी डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी होने के कारण भाड़ा अधिक लग रहा था और अब डीजल के दाम में ?17 घटने के कारण भाड़ा कम होगा और महंगाई से राहत मिलेगी।

### जनता के हित में फैसला

युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष जैतहरी एवं पार्षद अशोक राठौर ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा यह फैसला जनता के हित में लिया गया हैद्य महंगाई के कारण जहां एक ओर हर वर्ग परेशान था परेशानी रहने का कारण भी पेट्रोल एवं डीजल की आसमान छूती कीमतें भी थी दोनों चीजों में बढ़ोतरी होने के कारण लोगों के घरों का बजट बिगड़ रहा था और ट्रांसपोर्टरों के होश उड़ गए थे लेकिन अब यह फैसला जनता के हित में है।

### धूमधाम से मनाई गई दीपावली का पर्व

**अनूपपुर।** कोयलांचल नगरी अमलाई कालरी स्टेडियम में युवाओं द्वारा 1100 दीप जलाए गए जिसमें मुख्य रुप से समाजसेवी , रवि दुबे ,सिद्धार्थ झारिया ,प्रभात सिंह ,रवि पांडे, सोनू पनिका, अंकित यादव, विनय यादव ,अमित सिंह ,मनीष पांडे, नीरज सिंह, वरुण गोटिया उपस्थित रहे द्यजिसमें पूरे ग्राउंड के हर कोने तक दीप जलाकर देश के लिए शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# बहनों ने भाई के माथे पर लगाया मंगल टीका



सिहोरा कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि पर भाई बहन के पावन प्रेम तथा स्नेह का प्रतीक त्यौहार भाई दूज आज नगर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रो में भी हर्षोल्लास से मनाया गया । बहनो ने अपने भाईयों के माथे पर लम्बी उम्र की कामना के साथ मंगल टीका लगाया तथा उपहार प्राप्त किए इस त्यौहार के साथ ही पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्वं का समापन हो गया ।

**मडई मेले का शुभारंभ** दीपावली के समापन के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में खासा महत्व रखने वाले चंडी मडई मेले का शुभारंभ भी हो गया है । करीब करीब सभी ग्रामों में आयोजित होने वाले इस चंडी मेले में शामिल होने दूर दूर से रिस्तेदार आते है और इसका आनंद लेते है ।

# मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा छठ पर्व को देखते हुयें छठ घाटो का किया गया निरीक्षण

**धनपुरी** -विगत वर्षों की भॉति इस वर्ष भी छठ पर्व को देखते हुयें प्रशासक नरेन्द्र सिंह धुर्वे के निर्देशन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी रविकरण त्रिपाठी द्वारा छठ घाट ज्वालामुखी तालाब,कुआरी खदान,गाड़ा घाट एवं वार्ड क्र0-08 मे स्थित अमलाई थाने के पास तालाब का निरीक्षण किया गया एवं मातहत कर्मचारियो को जेसीबी व सफाई कामगारो को छठ पर्व के एक दिन पूर्व घाटो की साफ सफाई विद्युत व्यवस्था आदि के लिये निर्देश दिये गये।

# रासेयो इकाई स्वयंसेविका ने रंगोली बनाकर मनाई दीपावली दिया जागरूकता सन्देश

**जबलपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेवल 2 एमसीएच सेन्टर बीमॉक केंद्र पर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वयंसेविका अस्मिता चौरसिया ने रंगोली बनाई। जिसमें उन्होंने समाज में फैली कुरितियों से उबरने का संदेश दिया। रंगोली के रंगों व दीयों के जगमगाहट में स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में एक अलग सा रंग भर दिया। अस्मिता ने नशा मुक्त देश, पर्यावरण बचाओ, जल अनमोल है, शांतिमय देश, प्रदूषण रहित दीवाली,नारी सशक्तिकरण, शुभ दीवाली आदि पर आकृतियां बनाकर रंगोली सजाई। स्वयंसेवक का उत्साह रंगों की तरह रंगीला था। केंद्र को दीवाली के उपलक्ष्य में सजाया गया।



स्वयंसेविका अस्मिता चौरसिया ने बताया मास्क है जरूरी कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए एहतियाती उपायों में मास्क लगाना सबसे आवश्यक है। यह न सिर्फ आपको कोरोना से सुरक्षित रखेगा साथ ही पटाखों से निकलने वाला धुंए से होने वाले खतरे को भी कम करने में सहायता करेगा। बाजार जाते समय या दीपावली मनाते वक्त हमेशा मास्क लगाकर रखें। त्योहारों के इस मौसम में हाथों की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। विशेषकर बाजार में सामान खरीदने के बाद या लोगों से मिलने के बाद हाथों को अल्कोहल युक्त सैनिटाइज़र से अच्छी तरह से साफ करें। एक बात का ध्यान रखें कि सैनिटाइज़र अत्यधिक ज्वलनशील होते हैं, ऐसे में मोमबत्ती या दीया जलाने से पहले सैनिटाइज़र न लगाएं। रंगोली के माध्यम से आम जन तक सन्देश पहुँचाया जिसमे विश्विद्यालय समन्वयक डॉ. बहादुर सिंह परमार कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बीएल कुमार, सुश्री अपर्णा प्रजापति जी, श्री गुरूओम मनु जी के मार्गदर्शन में किया गया ।

# युवक की फावड़ा मारकर हत्या

अनूपपुर। चचाई के समीप शुक्रवार की रात दो लोगों के बीच हुए विवाद में एक युवक की फावड़ा मारकर हत्या कर दी गई।इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसका इलाज जिला अस्पताल अनूपपुर में चल रहा है। इस घटना में 36 वर्षीय कमलभान पिता छोटेलाल बर्मन निवासी चचाई थी शरीर के कई हिस्सों में गंभीर अंदरूनी चोट आने पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर पहुंचने के पूर्व मृत्यु हो गई वहीं 35 वर्षीय अविनाश पिता रतिया कोल निवासी चचाई के सीने में एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है जोकि उपचार के बाद अब ठीक हालत में है। मृतक चचाई पावर हाउस में ठेका मजदूर भी है। हत्या की वारदात चचाई के सेकंड एफ कॉलोनी में घटित हुई। बताया गया कमलभान की हत्या चचाई निवासी अज्जू अज्जू कोल पिता पन्ना कोल के द्वारा की गई है। बताया जाता है मृतक अपने कमरे में कुछ दोस्तों के साथ था जहां अज्जू का पहले बबलु से किसी बात को लेकर विवाद हुआ वहां से अज्जू चला गया और कुछ देर बाद फावड़ा लेकर आया तो कमलभान मिला और उसे फावड़े से कई प्रहार कर दिए जिससे वह वहीं गिर गया उसी समय अविनाश वहां पहुंचा और बीच-बचाव का प्रयास किया तो उसे भी अज्जू के द्वारा फावड़ा चलाया गया जिससे अविनाश के चेहरे पर चोट आई। बताया गया कॉलोनी में डीजे बजाकर कई युवक दिवाली का आनंद उठा रहे थे जैसे उन्हें घटना का पता चला तो सभी दौड़कर आए तो आरोपी वहां से भाग निकला। रात को ही दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने कमलभान को परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया जबकि अविनाश का इलाज किया गया। शनिवार सुबह मृतक के परिजनों की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम हुआ।घटना का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस के बयान भी विरोधाभास आ रहे हैं। थाना प्रभारी चचाई बी एन प्रजापति ने कहा कि आपसी रंजिश की वजह से यह घटना हुई। मामले की जांच की जा रही हैं।

# सी एल चौहान का निधन



सिहोरा । पुराना बस स्टेंड निवासी पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री सी एल चौहान का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अंतिम संस्कार बाबाताल स्थित मुक्तिधाम में किया गया । वे संजीव मुन्ना चौहान के पिता थे ।

# अवैध शराब के खिलाफ ज्ञापन सौंपा



**बरगी नगर ।** बरगी थाना अंतर्गत बरगी नगर व आसपास के क्षेत्रों में शराब दुकान के ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से शराब के विक्रय पर रोक लगाने बरगी ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष शुभम अवधिया ने थाना प्रभारी को सोपा ज्ञापन । शुभम ने बताया कि वर्ष 2017 में नर्मदा सेवा यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की थी कि नर्मदा तट से 5 किमी की दूरी तक शराब बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी । इसके बाबजूद भी बरगी नगर व आसपास के क्षेत्रों में अवैध शराब की धड़ल्ले से बिक्री करवाई जा रही है । नगर के प्रत्येक मोहल्ले से लेकर बाजार तक शराब के विक्रेता मौजूद है । जिस पर अगर प्रतिबन्ध नहीं लगाया गया तो युवा कांग्रेस बरगी ब्लॉक के नेतृत्व में उग्र आंदोलन किया जायेगा । ज्ञापन सोपते समय सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष मुन्ना अग्रवाल , शीतल गिरी , सोनू रजक, मोहित ठाकुर, पंकज चौरसिया, शुभम

# मनु भाकर और जावेद फोरोगी ने रचा इतिहास

## मिक्स्ड टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीता







भारत की मशहूर निशानेबाज मनु भाकर और ईरान की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन जावेद फोरोगी ने पोलैंड के व्रोक्लॉ में खेली जा रहे आईएसएसएफ प्रेसीडेंट्स कप में इतिहास रच दिया। मनु भाकर और जावेद फोरोगी ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारत ईरान की इस जोड़ी ने फ्रांस और रूस की जोड़ी मटिल्डे लामोले और अर्तेम चरनोसोव को 16-8 से शिकस्त दी।

### क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रहे भाकर-फोरोगी

मनु भाकर और जावेद फोरोगी पहले क्वालीफिकेशन दौर के बाद 600 में से 582 के संयक्त स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर थे। पहले सेमीफाइनल में चार टीमों में शीर्ष पर रहकर इस जोड़ी फाइनल में जगह बनाई जबकि दूसरा सेमीफाइनल मटिल्डे लामोले और अर्तेम चरनोसोव जीतने में सफल रहे।

### अन्य भारतीय का ऐसा रहा प्रदर्शन

इस स्पर्धा में अन्य भारतीयों में अभिषेक वर्मा ने यूक्रेन की ओलेना कोस्टेविच के साथ छठा स्थान हासिल किया, जबकि सौरभ चौधरी और स्विटजरलैंड की हेड्डी गेरबर डायथेल्म की जोड़ी सातवें स्थान पर रही। वहीं, यश्विनी देसवाल और स्लोवाकिया की जुराज तुजिंस्की की जोड़ी 12 टीमों में से 10वें स्थान पर रही। इस स्पर्धा के लिए आईएसएसएफ ने ड्रॉ के आधार पर अंतरराष्ट्रीय जोड़ियां बनाई थीं। वहीं, दिन के अन्य पदक स्पर्धा में चीन के लिहाओ शेंग और रोमानिया की लौरा-जॉर्जेटा इली ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम इवेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।




## CSK ने किया नीरज चोपड़ा का किया सम्मान, खास जर्सी के साथ दिया एक करोड़ का इनाम

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स यानी सीएसके ने भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का सम्मान किया है। टोक्यो ओलिंपिक खेलों में देश को स्वर्ण पदक दिलाने वाले नीरज चोपड़ा का सीएसके ने खास अंदाज में सम्मान किया है। सीएसके ने उनको खास जर्सी भेंट की है और साथ ही साथ एक करोड़ रुपये का इनाम भी अदा किया, जिसकी घोषणा फ्रेंचाइजी ने पहली की कर दी थी।चार बार की आइपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने रविवार को ओलिंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा का सम्मान किया और उन्हें एक करोड़ रुपये की राशि का चेक भेंट किया। नीरज को चेन्नई सुपर किंग्स क्रिकेट लिमिटेड की ओर से एक करोड़ रुपये का चेक सौंपा गया। सीएसके ने इसके साथ ही उन्हें एक विशेष जर्सी भेंट की, जो 8758 नंबर की है। मालूम है कि नीरज ने टोक्यो ओलिंपिक के फाइनल में 87.58 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था जिस कारण वह स्वर्ण हासिल कर सके।नीरज भारत के ऐसे पहले एथलीट बने थे, जिन्होंने ओलिंपिक में एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीता है। नीरज जब से भारत लौटे हैं, वे शायद ही एक सप्ताह घर पर बैठे होंगे। एक के बाद के वे अब तक सैकड़ों कार्यक्रमों का हिस्सा बन चुके हैं, जहां उनका सम्मान होता आ रहा है। कई संस्थाओं से इनको करोड़ों रुपये का इनाम मिल चुका है और हाल ही आनंद महिंद्रा ने उन्हें कस्टमाइज एसयूवी भी गिफ्ट की थी। उस एसयूवी पर भी 8758 लिखा हुआ था।

# शो से बाहर घरवालें भी रह गए शॉक्ड



**नई दिल्ली।** बिग बॉस के सीजन 15 में इस वक्त धमाल मचा हुआ है। शो में कोई किसी को नागिन कह रहा है तो किसी को दूसरे कंटेस्टेंट में आतंकवादी नजर आ रहा है। वहीं घर में दो वाइल्ड कार्ड एंट्री से माहौल और गर्मा गया है। शो के होस्ट सलमान खान ने इस बार वीकेंड का वार में दो कंटेस्टेंट्स को घर से बाहर का रास्ता दिखाया है।

### ये जोड़ा हुआश्व शो से बाहर

द खबरी की रिपोर्ट की माने तो इस बार शो के कंटेस्टेंट मायशा अय्यर और ईशान सहगल का सफर खत्म हो जाएगा और उन्हें इस बार शो से बेघर होना पड़ेगा। मतलब इसबार घर में डबल एविक्शन होने वाला है। मायशा ने इस हफ्ते कैप्टेंसी टास्क में भी पार्ट लिया था पर उमर रियाज के सामने हार का सामने करना पड़ा।

### सलमान खान ने लगाया था ये इल्जाम


शो में मायशा के सफर की बात करें तो वो सिर्फ ईशान सहगल के साथ रोमांस के लिए खबरों में छाई थीं। यहां तक कि इस हफ्ते शो में आए स्पेशल गेस्ट ने भी उन्हें इसके लिए चेताया था। सलमान खान ने तो सीधे तौर पर ईशान की छवि खराब करने का इल्जाम मायशा पर लगा दिया था।

### अकासा पहले ही हो चुकीं हैं बाहर

पिछले हफ्ते कम वोटों के चलते अकासा सिंह को शो से बाहर कर दिया गया था। साथ ही घर में दो वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई है। बिग बॉस ओटीटी के दो कंटेस्टेंट राकेश बापट और नेहा भसीन ने घर में प्रवेश किया है। रोकेश के आने से शमिता काफी खुश नजर आ रहीं हैं।

### सिंबा ने उमर को कहा आतंकवादी

वहीं इस हफ्ते सिंबा नागपाल और उमर रियाज के बीच जमकर लड़ाई हुई। जिसमें तैश में आकर एक ने दूसरे को पूल में फेंक दिया। वहीं उमर को ये कहते हुए भी सुना गया कि सिंबा ने उन्हें आतंकावदी कहा है। इसके बाद तो सोशल मीडिया पर बवाल मच गया। लोग सिंब को शो से बाहर करने की मांग करने लगे।



## Sooryavanshi की बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन की कमाई 26.29

नई दिल्ली सूर्यवंशी फिल्म ने अपनी रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 26.29 करोड़ रुपए की कमाई की हैद्य यह कोरोना वायरस लॉकडाउन के बाद रिलीज हुई किसी भी फिल्म की अब तक की सबसे बड़ी कमाई है इस फिल्म को कोरोना के बाद अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग मिली है इसपर रोहित शेट्टी ने एक मैसेज शेयर करते हुए लिखा है, आम आदमी की शक्ति को कृपया कम करके ना आंके इसके साथ उन्होंने एक मैसेज शेयर किया हैद्य इसमें जानकारी दी गई है कि सूर्यवंशी की 5 नवंबर को प्रति सेकंड 17 टिकटें बिकी है और 24 घंटे में सात लाख से ज्यादा टिकटें बेची गई है जोकि हिंदी फिल्म के लिए बुक माय शो पर एक रिकॉर्ड है इसके पहले सूर्यवंशी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई हैद्य कई शहरों में यह सिनेमाघरों में 50त्न की सीटिंग कैपेसिटी के साथ दिखाई जा रही हैद्य इसके बावजूद इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा समर्थन मिला हैद्य फिल्म में अक्षय कुमार और कटरीना कैफ की अहम भूमिका हैद्य वहीं फिल्म में अजय देवगन और रणवीर सिंह भी नजर आ रहे हैंद्य अक्षय कुमार की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर काफी पसंद की जाती हैंद्य अक्षय कुमार की फिल्म कोरोना महामारी के पहले रिलीज होने वाली थीद्य हालांकि देश के कोरोना की चपेट में आने के चलते इसकी रिलीज को टाल दिया गया था और अब यह फिल्म लॉक डाउन के बाद जब परिस्थितियां देश में सामान्य हुई है, तब रिलीज की गई है। अक्षय कुमार फिल्म अभिनेता हैद्य उन्होंने कई फिल्मों में काम किया हैद्य उनकी फिल्में काफी पसंद की गई हैद्य वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय हैद्य सूर्यवंशी फिल्म से जुड़ा टिप टिप बरसा पानी गाना रिलीज किया गया हैद्य इस गाने में अक्षय कुमार और कटरीना कैफ की अहम भूमिका है।

सर्बियाई दिग्गज जोकोविक का यह 71वां, जबकि हुरकाज का दूसरा मास्टर्स सेमीफाइनल था।

# पेरिस मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे नोवाक जोकोविक



### नोवाक जोकोविक ने पेरिस मास्टर्स के फाइनल में प्रवेश कर लिया है

पेरिस, एपी। विश्व के नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविक ने कोर्ट पर शानदार वापसी करते हुए पेरिस मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई है। नोवाक जोकोविक ने सेमीफाइनल मुकाबले में हुबर्ट हुरकाज को कड़े मुकाबले में हराकर खिताबी मैच के लिए प्रवेश किया है। नोवाक जोकोविक ने हुबर्ट हुरकाज को 3-6, 6-0, 7-6 (5) से हराकर पेरिस मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई। जोकोविक इसके साथ ही रिकार्ड सातवीं बार शीर्ष स्थान पर रहते हुए वर्ष का समापन करेंगे। नोवाक जोकोविक ने शीर्ष पर रहते हुए साल का समापन करने के मामले में अमेरिका के पीट सम्प्रास को पीछे छोड़ दिया है। नोवाक जोकोविक से पहले पीट सम्प्रास ने 1993 से 1998 तक छह बार शीर्ष पर रहते हुए वर्ष का समापन किया था। वहीं, जोकोविक ने इससे पहले 2011-12, 2014-15, 2018 और 2020 में शीर्ष पर रहते हुए वर्ष का अंत किया था और अब वे 2021 में भी साल का समापन शीर्ष पर रहते हुए करेंगे, क्योंकि पेरिस मास्टर्स के बाद कोई टूर्नामेंट इस साल नहीं खेला जाएगा। सर्बियाई दिग्गज जोकोविक का यह 71वां, जबकि हुरकाज का दूसरा मास्टर्स सेमीफाइनल था। नोवाक जोकोविक इस समय सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम जीतने वाले संयुक्त रूप से दुनिया के पहले खिलाड़ी हैं। जोकोविक ने 20 ग्रैंड स्लैम अपने नाम किए हैं, जबकि इतने ही ग्रैंड स्लैम रोजर फेडरर और राफेल नडाल ने भी जीते हैं। नोवाक जोकोविक अब तक 31 बार ग्रैंड स्लैम के फाइनल खेल चुके हैं। वहीं, सबसे कम ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलकर 20 बार विजेता रहने वाले राफेल नडाल हैं।

# वेटरनरी कॉलेजों को परखने आईसीएआर टीम का दौरा





**6 सदस्यीय टीम के टीएस चंद्रशेखर ने सुबह-सुबह महू कॉलेज का दौरा किया**

## महू में निरीक्षण शुरू, मापदण्ड पर खरे नहीं उतरे तो जाएगी मान्यता

**जबलपुर, यशभारत।** नानाजी देशमुख विश्वविद्यालय सहित 5 संस्थानों का निरीक्षण रविवार की सुबह आइसीएआर टीम द्वारा महू वेटरनरी से शुरू कर दिया गया है। 6 सदस्यीय टीम के सदस्य डॉ. टीएस चंद्रशेखर सुबह-सुबह महू कॉलेज पहुंचे और वहां मान्यता सहित शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। 6 सदस्यीय टीम 3 दिन तक वेटरनरी विवि जबलपुर सहित 5 संस्थानों का निरीक्षण करेगी। मालूम हो कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) हर पांच साल में विवि की मान्यता को परखने के लिए निरीक्षण करती है। पिछले बार 2016 में टीम ने निरीक्षण किया था, जिसके बाद पांच साल तक विवि को अनुसंधान समेत अन्य माध्यमों से फंड दिया गया। अब तक पांच साल पूरे हो गए हैं तो अब आने वाले पांच सालों से लिए यह निरीक्षण किया जा रहा है। आइसीएआर टीम में चेयरमैन छत्तीसगढ़ वेटरनरी विवि के पूर्व कुलपति डॉ. यूके मिश्रा, डॉ. वी खराड़ी मिजोरम से डॉ. एच प्रसाद, डॉक्टर रजनीश राणा, डॉ. हुकम ड्क्षसह धाकड़ और डॉ. टीएस चंद्रशेखर राव शामिल है।

## बीमारी से हार गया शिक्षक, नहर में मिली लाश

**जबलपुर, यशभारत।** रहस्यमय ढंग से 10 अक्टूबर को गायब हुए शासकीय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मंगल सिंह करोपे उम्र 55 वर्ष की 25 दिन बाद अगरिया नहर में लाश मिली। परिजनों ने जूते, बाजू में बंधी ताबीज, जनेऊ, गमछे से शव की पहचान की। शव डी-कंपोज्ड हो चुका है। वर्तमान में नहर में पानी की सप्लाई बंद है। पूरा मामला सुसाइड और मर्डर के बीच उलझा हुआ है। मझगवां पुलिस ने शॉर्ट पीएम की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि मृतक मस्तिष्क की बीमारी से परेशान था और पानी में दम घुटने से मौत हुई है। लिहाजा लापता शिक्षक ने सुसाइड किया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। मझगवां थाना प्रभारी अन्नी लाल सैयाम ने बताया कि सिहोरा ब्लॉक के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल अगरिया में प्रभारी प्राचार्य मंगल सिंह करोपे (55) बीते 10 अक्टूबर से गायब थे। वे 10 अक्टूबर की सुबह मढ़ा बंजर गांव स्थित अपने घर से 4:30 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। वह रोज 3 से 4 किमी दूर तक जाते थे और लौट आते थे। वे अपना मोबाइल भी घर में चार्ज में लगा कर छोड़ गए थे। बनियान और टॉवल में निकले थे। पत्नी जयंती बाई ने उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

**गोहलपुर गोलीकांड**

## होली का बदला दीपावली में लिया, 3 हिरासत में

**युवक की हालत नाजुक, मामले की जांच जारी**

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर की कृष्णा कॉलोनी में 5 नवंबर की देर रात चौक कार्यक्रम में शामिल होने आए 19 वर्षीय युवक को दो अन्य युवकों ने विवाद के बाद गोली मार दी। युवक के माथे पर गोली लगी है। उसे निजी अस्पताल से मेडिकल में रेफर कर दिया गया। जहां वह जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रहा है। गोहलपुर पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर, डेढ़ दर्जन संदिग्धों को थाने में बुलाया, वहीं 3 को हिरासत में ले लिया गया है। गोहलपुर टीआई अरविंद चौबे ने बताया कि औरिया माढ़ोताल निवासी कुनाल रैकवार (19) शुक्रवार को कृष्णा कॉलोनी में निखिल सोंधिया के घर आयोजित चौक कार्यक्रम में शामिल होने आया था। इसी चौक कार्यक्रम में मनीष अहिरवार व शानू अहिरवार सहित दो अन्य युवक भी आए थे। कुनाल का शानू व मनीष से होलीपर्व के समय दीनदयाल बस स्टैंड में विवाद हुआ था। हालांकि उस समय किसी पक्ष ने शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। इसी बात को लेकर उनके बीच रंजिश थी। कुनाल को अकेला देखकर चारों ने उसकी हत्या का प्लान बनाया। पुलिस ने 3 को हिरासत में लिया है। जानकारी अनुसार कुनाल घर के लिए निकला तो चारों ने कृष्णा कॉलोनी में ही उसे रोक लिया। एक ने पिस्टल से माथे पर गोली मार दी। गोली बहुत करीब से निकल गयी, लेकिन युवक बुरी तरह घायल हो गया। खून से लथपथ हालत में कुनाल वहीं गिर गया। हालांकि वह होश में था। उसने मोबाइल से निखिल सोंधिया को इसकी जानकारी दी। इसके बाद उसके परिजन भी मौके पर पहुंचे। उसे पहले निजी अस्पताल और फिर वहां से मेडिकल रेफर कर दिया गया।

### युवक भर्ती, हालत नाजुक

गोहलपुर पुलिस के मुताबिक वारदात को अंजाम देने के बाद चारों आरोपी मौके से फरार हो गए। चारों के खिलाफ कुनाल के बयान के आधार पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया है। कुनाल को मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिटी में गहन चिकित्सकों की टीम की देखरेख में रखा गया है। जहां वह इलाजरत है।

**शौक है क्राइम करना**

## 19 वर्षीय गांजा तस्कर को पुलिस ने दबोचा

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर पुलिस ने दरमियानी रात 19 वर्षीय गांजा तस्कर को करीब 7 हजार रुपए कीमत के गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में पहले तो बेखौफ होकर कह दिया कि उसका शौक है क्राइम करना और यह तो कुछ भी नहीं, बाद में जब पुलिस ने धाराएं गिनाई तो युवक पुलिस के पैर पकड़कर रोने लगा। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि सेठी नगर बड़कुल सोनकर के घर के पास में दरमियानी रात सूचना मिली कि एक युवक गांजा सप्लाई करने यहां आने वाला है। जिसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर, छामा मारा तो 550 ग्राम गांजा के साथ आरोपी युवक राज सोनकर पिता गोलू उर्फ गोविंद सोनकर उम्र 19 वर्ष निवासी बेलबाग मिला। जो एक कपड़े की थैली में गांजा लिए हुए था। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के दौरान तलाशी करने पर गांजा की थैली मिली, जिसमें सात हजार का गांजा था। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि यह उसके सप्लाई का समय होता है। वह गांजा कहां से लाया था और किसको सप्लाई करने जा रहा है, यह अभी तक आरोपी ने नहीं बताया है। जिससे सख्ती से पूछताछ जारी है।

## 2 हजार की वसूली पर घोंप दिया चाकू

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी में चार आरोपियों ने मिलकर एक युवक पर ताबड़तोड़ चाकु से वार कर लहूलुहान कर दिया। आरोपी पीड़ित युवक से दो हजार रुपए की मांग कर रहे थे। लेकिन युवक ने पैसे ना होने का हवाला दिया। जिसके बाद आरोपी बिफर गए और वारदात को अंजाम देकर,मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। जानकारी अनुसार सौरभ सोनवाने उम्र 19 वर्ष निवासी रिछाई रांझी ने पुलिस को बताया कि आक्सीजन गैस कम्पनी रिछाई के पीछे दोस्त आजाद कोल के साथ था उसी समय विक्की, मोन्टी, पप्पू और छोटू आये तथा शराब पीने के लिये 2 हजार रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो चारों गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट करने लगे। तभी विक्की ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

## 60 लीटर मदिरा, बाइक जब्त

**जबलपुर, यशभारत।** संजीवनी नगर पुलिस ने 60 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी को धनवंतरीनगर चौक वन उपज नाके के पास से दरमियानी रात दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि एक व्यक्ति बिना नम्बर की होण्डा साईन मोटर सायकल पर रस्सी से चार केन बांधकर कच्ची शराब बरगी तरफ से ला रहा है। जिसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर तत्काल दबिश दी तो धनवंतरीनगर चौक वन उपज नाके के पास आकाश मुदलेयार उम्र 26 वर्ष निवासी खालसा कॉलेज महानद्दा ककरैया तलैया गोरखपुर मिला।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सतू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

अब नये परिवेश में - छठ पूजन की हार्दिक शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नाशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
छठ पूजन की शुभकामनाएं , खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

# राजर्षि परमानंद भाई पटेल

## जन्म शताब्दी वर्ष 1921-2021

*नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।*
*न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥*

### काल चक्र के 100 वर्ष पूर्ण हुये

**राजर्षि परमानंद भाई पटेल** का जन्म गुजरात के छोटे से गाँव रकनपुर में हुआ परन्तु आपकी कर्मभूमि जबलपुर ( म.प्र. ) रही। आप अग्रणी उद्योगपति होने के साथ-साथ समाज में आपने अनेकों-अनेक उत्कृष्ट कार्य सम्पादित किये।

वक्त की रफ्तार से भी तेज, चलने का पराक्रम, अद्‌भुत क्षमता, संसार के सर्वश्रेष्ठ को अपने अंदर समाहित कर लेने की तीव्र उत्कंठा ने उन्हें उम्मीदों से भी अधिक हासिल कर लेने का कीर्तिमान रचने का गौरव प्रदान किया।

ईश्वर की कृपा इस तरह बरसी कि उनकी झोली छोटी पड़ गई। उन्होंने जीवन के जिस क्षेत्र को भी स्पर्श किया, महारत हासिल की। खेलकूद, सामाजिक सेवा, उद्योग-व्यवसाय, पत्रकारिता, राजनीति या फिर अध्यात्म के श्रेष्ठ मूल्य जीवन का हिस्सा बन गये। अनगिनत सुगंधित पुष्पों की महक से सराबोर उनके व्यक्तित्व ने, परिवार, समाज, प्रदेश और देश के सभी क्षेत्रों में अपनी खुशबू बिखेर दी और अंत में अपने सभी दायित्त्वों का सफलतापूर्वक निर्वाह करते हुए उन्होंने हमसे विदा ली और विराट ब्रह्माण्ड की गोद में समा गये।


जगद्गुरु शंकराचार्य श्री स्वरूपानंद जी से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए


पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकरदयाल शर्मा व उनकी पत्नि के साथ


श्री पटेल विकलांगों के सहायतार्थ साइकल प्रदान करते हुए


अशोक जगदाले, गुलरेज अली, आनंद पटेल, श्रवण पटेल, भगवानदास रणजी ट्रॉफी म.प्र. की टीम से परिचय लेते हुए परमानंद भाई पटेल




गुरुवर श्री जे. कृष्णमूर्ति के सान्निध्य में श्री पटेल


पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को स्वरचित पुस्तक भेंट करते हुए श्री पटेल


राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान देते श्री परमानंद जी


श्री परमानंद भाई पटेल धर्मपत्नि ज्योत्सना बेन के साथ

*राजर्षि परमानंद भाई पटेल के आशीष से नगर में संचालित शिक्षण संस्थाएँ*


नचिकेता हा.से. स्कूल, नेपियर टाउन, जबलपुर


नचिकेता सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, विजय नगर, जबलपुर


नचिकेता महाविद्यालय, विजय नगर, जबलपुर


नचिकेता इंस्टीट्यूट, पाटन बायपास, जबलपुर

समय की दूरियाँ भी दूर जिनको कर न सकीं
उन परमश्रद्धेय को शत्-शत् नमन् - शत्-शत् नमन्

*श्रद्धावनत्*

**श्रवण कुमार पटेल**
**प्रणव पटेल, डॉ. निशिथ पटेल, हर्ष पटेल**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )